# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–272 । सागर, बुधवार, 22 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



भाजपा और कांग्रेस के बागियों ने बढ़ाई उम्मीदवारों की परेशानी पृष्ठ 3

▪ कांग्रेस के हाथ में लौटा 'सामाजिक न्याय' का अस्त्र ▪ गरीबों को मुफ्त अनाज देने से चुनाव जीतने की संभावना नहीं पृष्ठ 4

▪ खेत पर बनें मकान में मिले 8 उल्लुओं के बच्चे, सरगर्मियां तेज पृष्ठ 6

बस स्टेण्डों के पास हॉकर्स जोन भी तैयार करें: कलेक्टर पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 11 दिसम्बर तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ा दी, जिन्हें अब खत्म हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि कई दस्तावेज जमा करना लंबित है और आरोपी व्यक्तियों के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल किया जाना है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई जल्द से जल्द शुरू होनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने जुलाई में ईडी द्वारा जांच की जा रही उत्पाद नीति मामले में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया।

### मेघालय में शुरू हुआ भारत-अमेरिका संयुक्त अभ्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'वज्र प्रहार 2023' मंगलवार को मेघालय के उमरोई में संयुक्त प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी दल का प्रतिनिधित्व प्रथम विशेष बल समूह (एसएफजी) के कर्मियों द्वारा किया जाता है, जबकि भारतीय सेना दल का नेतृत्व पूर्वी कमान के विशेष बल के कर्मियों द्वारा किया जाता है। अभ्यास 'वज्र प्रहार' का उद्देश्य संयुक्त मिशन योजना और परिचालन रणनीति जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों को साझा करना है।

### दिल्ली दंगे : सबूतों के अभाव में 7 लोग हुए बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में यहां की एक अदालत ने सोमवार को सात आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला की अगुवाई वाली अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे यह साबित करने में विफल रहा कि आरोपी शिकायतकर्ता की दुकान में आगजनी, तोड़फोड़ और चोरी में शामिल दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। न्यायाधीश ने शिकायतकर्ता सलमान मलिक की दुकान में तोड़फोड़ और आगजनी पर ध्यान देते हुए, दंगाई भीड़ के हिस्से के रूप में आरोपियों की पहचान पर चिंता जताई।

### वेंकटस्वामी के आवास व कार्यालयों पर छापा

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में आयकर विभाग अधिकारियों ने मंगलवार को पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता विवेक वेंकटस्वामी के आवासों एवं दफ्तरों की तलाशी ली। सूत्रों ने बताया कि आयकर अधिकारियों ने मंगलवार को तड़के सोमाजीगुडा हैदराद, मंचेरियाल तथा बेगमपेट में वेंकटस्वामी के दफ्तरों में छापा मारा। सूत्रों के मुताबिक आयकर अधिकारियों में ये कार्रवाई उनकी कंपनी में आठ करोड़ रुपए के लेनदेन की सूचना पर की।

### चुनाव निपटते ही मप्र के कुछ नेताओं को भेजा राजस्थान

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में मतदान होने के चार दिन बाद ही कुछ उम्मीदवारों को राजस्थान चुनाव की जिम्मेदारी मिली है। अब यह नेता 25 नवम्बर तक राजस्थान में रख कर चुनाव प्रचार करेंगे। राऊ से कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी को चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान के कुछ जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने राजस्थान के लेक मंत्री अशोक चांदना के विधानसभा क्षेत्र में कुछ चुनाव सभा ली। इसके अलावा वे प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी जा रहे है। कांग्रेस विधायक महेश परमार, कुणाल चौधरी भी 2 दिन से राजस्थान में डेरा डाले हुए हैं। पंजाब के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजा बरार के साथ उनकी ड्यूटी लगी हुई है।

### राजगढ़ में 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भोपाल, एजेंसी।** राजगढ़ के दो मतदाताओं पर आरोप है कि उनके द्वारा निर्वाचन आयोग की गोपनीयता भंग करते हुए मतदान करने के दौरान ईवीएम मशीन की बैलेट यूनिट का फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। शिकायत रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा की गई, जिस पर छापीहेड़ा वा मलावर थाना पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# टनल हादसा : 41 मजदूरों का पहली बार वीडियो आया सामने

▪ सभी मजदूर ठीक, बचाव टीम का भी उत्साह बढ़ा

▪ अब सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग करने की तैयारी पूरी



**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल हादसे के दसवें दिन मंगलवार को 41 मजदूरों का पहला बार वीडियो सामने आया। सभी मजदूर ठीक हैं।

इस वीडियो के सामने आने के बाद रेस्क्यू टीम का उत्साह भी बढ़ गया है। अब सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग होगी, जिसकी पूरी तैयारी हो चुकी है। इसके लिए ओडिशा से सेना के हेलीकॉप्टर से मोटे पाइप लाकर सिलक्यारा टनल पहुंचाए गए हैं। कोटियाला से बड़ी वर्टिकल मशीन बोर (ड्रिलिंग) करने के लिए सिलक्यारा लाई गई है। अब इन भारी भरकम पाइप और वर्टिकल मशीन को टनल के ऊपर पहाड़ी पर ले जाकर ड्रिलिंग होगी।

### ऑस्ट्रेलिया के विशेषज्ञ कर रहे नेतृत्व

ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेशनल टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स रेस्क्यू ऑपरेशन को लीड कर रहे हैं। टनल के ऊपर पहले ही ड्रिलिंग वाला स्थान चिन्हित किया जा चुका है। रेस्क्यू टीम पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने को तैयार है। वर्टिकल मशीन सुरंग के ऊपर से नीचे की तरफ ड्रिलिंग करेगी। इस मशीन की खासियत है कि यह बड़े एरिया में ड्रिलिंग करती है। बता दें कि सिलक्यारा से चारधाम रोड परियोजना के तहत टनल निर्माण हो रहा है। दीपावली के दिन टनल में मलबा आ गया था। 12 नवंबर की सुबह से 41 मजदूर मलबे के कारण सुरंग के अंदर की तरफ फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने के लिए पिछले दस दिनों से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

# बस दुर्घटना में 4 की मौत, 11 घायल

**गोधरा, एजेंसी।** गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा शहर के पास एक राजमार्ग पर मंगलवार को निजी लग्ज़री बस एक खड़ी बस से टकरा गई, जिससे चार यात्रियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। गोधरा के अनुमंडल मजिस्ट्रेट प्रवीण सिंह जयतावत ने बताया कि दुर्घटना तड़के करीब साढ़े तीन बजे दाहोद-गोधरा राजमार्ग पर हुई, जब इंदौर जा रही एक बस तकनीकी समस्या के कारण सड़क के किनारे रुकी थी और उसकी मरम्मत की जा रही थी। उन्होंने कहा, ''दाहोद से आ रही एक अन्य लग्ज़री बस का चालक आगे खड़ी बस को नहीं देख सका और उसने अपने वाहन से खड़ी बस में टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो महिलाएं और दो बच्चे समेत चार यात्रियों की मौत हो गई।'' घटना में 11 अन्य यात्रियों को चोटें आईं। अधिकारी ने कहा कि उनमें से नौ का गोधरा के एक सरकारी अस्पताल में इलाज हो रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोगों को चिकित्सा सहायता के लिए वडोदरा रेफर किया गया है।

मुख्यमंत्री ने की खरीफ उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा, कहा-

# उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता और वितरण व्यवस्था सुनिश्चित हो



रबी फसल की 81 लाख 71 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बोवनी हो चुकी है, जो गत वर्ष से 5.33 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी की संभागवार उपलब्धता, विक्रय तथा शेष स्टॉक की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार अगले दो-तीन दिन में प्रदेश में वर्षा की संभावना है, इसके बाद उर्वरक की मांग बढ़ेगी। अत: सभी केंद्रों पर उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता और उचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उर्वरकों के आंतरिक वितरण पर निगरानी की व्यवस्था सजग और सुचारू रूप से जारी रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में खरीफ उर्वरक व्यवस्था और रबी बोवनी की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में जानकारी दी गई की अब तक बैठक में बताया गया कि उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रदेश में विपणन संघ के 422 विक्रय केंद्र संचालित हैं, विपणन सहकारी समितियों के 154 विक्रय केंद्रों से नगद उर्वरक विक्रय आरंभ किया गया है। विपणन सहकारी समितियों द्वारा 92 अतिरिक्त विक्रय केंद्र आरंभ किए गए हैं और किसानों को लंबी-लंबी लाइनों से बचाने के लिए उर्वरक वितरण टोकन के माध्यम से करने की व्यवस्था की जा रही है। अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संजय दुबे, उमाकांत उमराव तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राहुल ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना, बोले-

# पीएम का मतलब है पनौती मोदी



▪ हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे

▪ राहुल ने उद्योगपति अडानी को भी घेरा

**उदयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को पनौती बता दिया है। राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि पीएम का मतलब है पनौती मोदी।

उन्होंने विश्व कप क्रिकेट फाइनल मैच का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे। उन्हें हरवा दिया। इसके साथ ही राहुल ने उद्योगपति अडानी को जेब काटने वाला बताया और कहा कि मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। अडानी का काम आपकी जेब काटना है। राहुल ने मंगलवार को बाड़मेर के बायतु और उदयपुर के वल्लभनगर में जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि ये नफरत और हिंसा क्यों फैलाते हैं और इनको क्या फायदा होता है। मैं आज ये समझाने आया हूं। जब दो जेबकतरे किसी की जेब काटना चाहते हैं तो क्या करते हैं? ध्यान हटाने का काम करते हैं। एक आपसे ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

# मोदी ने बीकानेर में किया रोड शो



**जयपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चुनावी राज्य राजस्थान के बीकानेर शहर में एक रोड शो किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रोड शो जूनागढ़ से शुरू होकर गोकुल में खत्म हुआ।

सुरक्षा के लिए कम से कम 250 अधिकारी और 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी थे। प्रधानमंत्री के लिए सड़क के किनारे सात स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच लगाए गए थे, जहां कलाकारों ने 'कालबेलिया' नृत्य किया। राजस्थान विधानसभा की 200 सीटों के लिए एक ही चरण में 25 नवंबर को मतदान होगा, जबकि नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा की 23 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**भदोही, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में बाहुबली पूर्व सपा विधायक विजय मिश्रा की पुत्री व परिजनों के नाम अपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से खरीदी गई संपत्ति को मंगलवार को कुर्क कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन ने यहां बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर संगठित अपराध के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि थाना गोपीगंज में दर्ज मुकदमा धारा-3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी किया-कलाप (निवारण) अधिनियम के तहत सफेदपोश माफिया व गैंग लीडर अभियुक्त विजय कुमार मिश्रा निवासी खपटिहा, थाना हंडिया, प्रयागराज द्वारा अपराधिक कृत्यों से खरीदी गई भूमि को जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी के आदेश पर शासन के पक्ष में कुर्क कर लिया गया। बताया जाता है कि पूर्व विधायक द्वारा नाजायज ढंग से अर्जित धन को वैध रूप देने लिए पुत्री सीमा व वैष्णवी के नाम प्रयागराज में 0.773 हेक्टेयर जमीन को 23 करोड़ 20 लाख रुपए खरीदा गया था। इस सम्पत्ति को जिला मजिस्ट्रेट भदोही के आदेश पर 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर लिया गया। ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

राजस्थान में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

# 10 लाख युवाओं को नई नौकरियां देने का वादा

▪ घर की महिला मुखिया को हर साल मिलेंगे 10 हजार रुपए

▪ चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाएगा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश की जनता के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जयपुर में कांग्रेस के वार रूम से ये घोषणापत्र जारी किया।

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में राज्य के किसानों, महिलाओं और युवाओं सभी को साधने का प्रयास किया है। इनमें किसानों, युवाओं से लेकर महिलाओं को ध्यान में रखकर ऐलान किए गए हैं। घोषणापत्र में वादा किया गया है कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद घर की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही 10 लाख युवाओं को नई नौकरियां देने का वादा भी किया गया।

कांग्रेस ने घोषणापत्र में वादा किया है कि पंचायत स्तर पर सरकारी नौकरी का नया काडर बनाया जाएगा। कांग्रेस ने घोषणापत्र में प्रदेश की महिलाओं को भी साधने का प्रयास किया है। कांग्रेस ने वादा किया है कि गैस सिलेंडर अभी 500 रुपए का मिल रहा है, उसे 400 किया जाएगा। साथ ही परिवार की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। मनरेगा और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार में 125 से बढ़ाकर 150 दिन किया जाएगा। छोटे व्यापारियों, दुकानदारों को 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाने के लिए व्यापारी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू होगी।

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति जब्त

### नेहरू ने शुरू किया था नेशनल हेराल्ड अखबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडिया की 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि जब्त की गई संपत्ति में एजेएल की दिल्ली, मुंबई और लखनऊ सहित कई जगहों की प्रॉपर्टी है। कांग्रेस से जुड़े यंग इंडिया के खिलाफ ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में की गई है। इस कंपनी में सोनिया-राहुल की 76 फीसदी हिस्सेदारी है। इसी मामले में ईडी ने 3 अगस्त 2022 को दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया था। 2 और 3 अगस्त को ईडी की टीम ने सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी।

नेशनल हेराल्ड केस का मामला सबसे पहले भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। अगस्त 2014 में ईडी ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया गया था।

जिस नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मामले में सोनिया और राहुल को ईडी ने समन भेजा है, उसे 1938 में जवाहर लाल नेहरू ने 5 हजार स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिलकर शुरू किया था। इस अखबार का प्रकाशन असोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) द्वारा किया जाता था। आजादी के बाद ये अखबार कांग्रेस का मुखपत्र बन गया। एजेएल इस अखबार का प्रकाशन तीन भाषाओं में करता था। अंग्रेजी में 'नेशनल हेराल्ड' के अलावा हिंदी में 'नवजीवन' और उर्दू में 'कौमी आवाज।' धीरे-धीरे अखबार घाटे में चला गया और कांग्रेस से मिले 90 करोड़ रुपए के कर्ज के बावजूद 2008 में बंद हो गया। 2010 में यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड नामक नया ऑर्गेनाइजेशन बना, जिसने नेशनल हेराल्ड को चलाने वाले एजेएल का अधिग्रहण कर लिया।

### चुनाव में निश्चित हार से ध्यान हटाने की कोशिश : कांग्रेस

ईडी की इस कार्रवाई पर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, ईडी के एजेएल संपत्तियों की कुर्की की खबरें प्रदेशों में चल रहे चुनावों में निश्चित हार से ध्यान हटाने की उनकी हताशा को दिखाती है।' उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के गठबंधन सहयोगी सीबीआई, ईडी या आईटी इनकी (बीजेपी) की हार को चुनाव में नहीं रोक सकता। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, वहीं राजस्थान और तेलंगाना में चुनाव होना है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने किया दावा

# कोरोना टीकाकरण ने भारतीयों में मौत के जोखिम को किया कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा मंगलवार को किए गए अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार, कोविड-19 टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों का खतरा नहीं बढ़ता है।

इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित शोध से पता चला है कि लाइफस्टाइल फैक्टर्स जैसे वर्तमान धूम्रपान की स्थिति, अत्यधिक शराब पीना, ड्रग्स/नशीले पदार्थों का सेवन आदि अचानक होने वाली अज्ञात मौतों से जुड़े हैं।

अन्य चीजों की तुलना में, शराब के सेवन की आवृत्ति जितनी अधिक होगी, अचानक होने वाली अज्ञात मौत की संभावना उतनी ही अधिक होगी। अनुसंधान निकाय ने भारत के स्पष्ट रूप से स्वस्थ युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों की वास्तविक रिपोर्टों को देखते हुए एक अध्ययन किया, जो कि कोविड -19 संक्रमण या टीकाकरण से जुड़ा हुआ है।

शोधकर्ताओं ने पूरे भारत में 47

### युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों के खतरे को नकारा

तृतीयक देखभाल अस्पतालों से 18-45 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में ऐसी मौतों से जुड़े कारकों का विश्लेषण किया। विश्लेषण में कम से कम 729 मामले और 2,916 नियंत्रण शामिल किए गए। शोधकर्ताओं ने खुलासा किया, कोविड-19 टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों का खतरा नहीं बढ़ा। पिछले कोविड-19 अस्पताल में भर्ती होने के बजाय पारिवारिक इतिहास और कुछ जीवनशैली व्यवहारों ने अचानक होने वाली अज्ञात मौतों की संभावना को बढ़ा दिया है।

अध्ययन से यह भी पता चला है कि कोविड-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक लेने से अचानक होने वाली अज्ञात मौत की संभावना कम हो जाती है। शोधकर्ताओं ने कहा, हमारे निष्कर्षों ने कोविड-19 टीकाकरण के साथ अचानक होने वाली अज्ञात मौत के संबंध में किसी भी सबूत का संकेत नहीं मिला। बल्कि वर्तमान अध्ययन दर्शाता है कि कोविड-19 टीकाकरण ने वास्तव में इस आयु वर्ग में मृत्यु के जोखिम को कम कर दिया है।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| जएसडब्ल्यू स्टील | 1.76 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.45 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.24 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.18 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 0.63 |
| प्रतिशत | |
| मारुति | 0.48 प्रतिशत |
| एलटी | 0.47 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.44 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बावजूद रुपया संभलने में नाकाम



**मुंबई, एजेंसी।** डॉलर के कमजोर होने के बावजूद मंगलवार सुबह के कारोबार में रुपया उबरने में विफल रहा और सुबह 11.28 बजे अमेरिकी ग्रीनबैक के मुकाबले पिछले दिन के रिकॉर्ड निचले स्तर 83.34 पर था। डॉलर सूचकांक गिरकर 103.20 पर आ गया, जो इसका ढाई महीने का निचला स्तर है, लेकिन रुपये में उम्मीद के मुताबिक बढ़त नहीं हुई। व्यापारियों ने इसका कारण तेल कंपनियों जैसे आयातकों को कम कीमत का फायदा उठाने के लिए बचाव के तौर पर अधिक डॉलर खरीदने को बताया। अमेरिकी डॉलर में गिरावट के कारण अन्य एशियाई मुद्राओं में तेजी आई है।

कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और शेयर बाजारों से विदेशी फंडों के बाहर जाने के बीच सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे टूटकर 83.34 पर बंद हुआ था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा सोमवार को 0.66 प्रतिशत बढ़कर 81.14 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि सेंसेक्स 139.58 अंक गिरकर 65,655.15 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 37.80 अंक गिरकर 19,694 पर आ गया। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता थे, क्योंकि उन्होंने 477.76 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। शुक्रवार को जारी आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 462 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 590.321 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी गिरावट से आरबीआई के लिए हस्तक्षेप करने और कमजोर होते रुपए को संभालने की गुंजाइश कम हो जाती है। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 पर बंद हुआ था। इससे पहले रुपये ने इस साल 13 नवंबर को डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचला स्तर 83.33 दर्ज किया था।

## रिलायंस बंगाल में और 20 हजार करोड़ रुपए का करेगी निवेश : अंबानी




**रिलायंस ने अब तक बंगाल में करीब 45,000 करोड़ रुपए का निवेश किया**

**कोलकाता, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने पश्चिम बंगाल में खुदरा कारोबार, दूरसंचार और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 20 हजार करोड़ रुपए के नये निवेश की योजना की मंगलवार को घोषणा की। कोलकाता में चल रहे सातवें बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में श्री अंबानी ने कहा, 'रिलायंस बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। रिलायंस ने अब तक बंगाल में करीब 45,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अगले तीन वर्षों में हम 20 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेंगे।' उन्होंने बताया कि 20 हजार करोड़ का यह निवेश दूरसंचार, खुदरा और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हम 5जी को राज्य के हर कोने तक ले जा रहे हैं, खासकर ग्रामीण बंगाल को जोड़ा जा रहा है। बंगाल के अधिकांश हिस्सों को हमने 'कवर' कर लिया है। जियो का नेटवर्क राज्य में 98.8 प्रतिशत और कोलकाता टेलीकॉम सर्कल में 100 फीसदी जनसंख्या को 'कवर' करता है। जियो का मजबूत नेटवर्क पश्चिम बंगाल में रोजगार सृजन के साथ बड़े पैमाने पर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि को बढ़ावा देगा। रिलायंस के अध्यक्ष ने कहा कि रिलायंस खुदरा अगले दो वर्षों में पश्चिम बंगाल में करीब 200 नये स्टोर खोलने की योजना बना रहा है। अभी रिलायंस के करीब 1000 स्टोर पश्चिम बंगाल में काम कर रहे हैं, जो बढ़कर 1200 हो जायेंगे। श्री अंबानी ने कहा कि हमारे खुदरा कारोबार से बंगाल के सैकड़ों छोटे और मझोले व्यवसायी तथा करीब 5.5 लाख किराना दुकानदार जुड़े हैं। नये स्टोर खुलने से उनको फायदा होगा। प्रभुजी, मुखरोचक, सिटी गोल्ड, बिस्क फार्म जैसे बंगाल के कई क्षेत्रीय ब्रांड्स का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि रिलायंस खुदरा के जरिये हम इन ब्रांड को पूरे देश में ले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी स्वच्छ ऊर्जा उत्पादक, रिलायंस अगले तीन वर्षों में 100 कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करेगी। इन संयंत्रों में 55 लाख टन कृषि अवशेष और जैविक कचरे की खपत होगी। इससे करीब 20 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी और सालाना 25 लाख टन जैविक खाद का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा, 'हम किसानों को बड़े स्तर पर ऊर्जा बागान लगाने में मदद करेंगे, जिससे वे अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बन सकेंगे और उनकी आय भी बढ़ेगी।' श्री अंबानी ने इस मौके पर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा पश्चिम बंगाल में किये जा रहे कामों का भी जिक्र किया। सदियों पुराने इस मंदिर की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम रिलायंस फाउंडेशन कर रहा है। फाउंडेशन की 'स्वदेश' पहल के तहत भारत की समृद्ध और विविध पारंपरिक कला और शिल्प को भारत और विश्व स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है।

बंगाल में शिल्पकारों की युवा पीढ़ी के लिये रिलायंस फाउंडेशन राज्य सरकार के सहयोग से प्रशिक्षण संस्थान बनायेगी। साथ ही बुनकरों, कारीगरों और हस्तशिल्पियों के उत्पाद को फाउंडेशन, रिलायंस के रिटेल चैनलों पर बेचेगा। इसके लिये 'बिस्वा बांग्ला कॉर्पोरेशन' के साथ एक समझौता किया गया है।

## सोलर लिथियम पावर वॉल कम हाइब्रिड इन्वर्टर का उत्पादन शुरु

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईआईटी इनक्युबेटेड स्टार्टअप मोसेटा इंडिया ने सोलर लिथियम पावर वॉल कम हाइब्रिड इन्वर्टर के उत्पादन की शुरुआत करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह मुख्यत घर और उद्योगों की मशीनों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस इन्वर्टर का सभी पार्ट्स भारत में ही निर्मित किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि इसके उपयोग से हमें न केवल प्रदूषण कारक इनर्जी की कमी होगी, बल्कि यह देश की आर्थिक व्यावस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। इस हाइब्रिड इन्वर्टर में सोलर पैनल से ऊर्जा को उठाकर उसे लिथियम बैटरी में संचित किया जाता है जो अंदर ही फिक्स की गई है। फिर यह संचित ऊर्जा उसी इन्वर्टर के माध्यम से घर में उपयोग के लिए रिलीज की जाती है। इसके अलावा, यह इन्वर्टर कम ऊर्जा खपत करने के साथ-साथ शहरी बिजली की आवश्यकता को कम करेगा |जिससे बिजली के बिल में भी कमी आयेगी।

## माइक्रोसॉफ्ट ने अपर्णा गुप्ता को ग्लोबल डिलीवरी सेंटर लीडर किया नियुक्त

**नई दिल्ली,एजेंसी।** माइक्रोसॉफ्ट ने मंगलवार को अपर्णा गुप्ता को ग्लोबल डिलीवरी सेंटर (जीडीसी) लीडर के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की, जो इंडस्ट्री सॉल्यूशंस डिलीवरी और व्यापक माइक्रोसॉफ्ट कस्टमर एंड पार्टनर सॉल्यूशंस (एमसीएपीएस) संगठन का एक हिस्सा है। जीडीसी नेता के रूप में अपनी नई भूमिका में, गुप्ता ग्राहक नवाचार और वितरण उत्कृष्टता, शीर्ष स्तरीय प्रतिभा के साथ क्लाउड विकास त्वरण, उद्योग की गहराई और भागीदार पारिस्थितिकी तंत्र की देखरेख करेंगी। गुप्ता ने एक बयान में कहा, 'मैं समाधान क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता को गहरा करने और अपने ग्राहकों को उत्कृष्टता प्रदान करने के उद्देश्य से एक मजबूत टीम संस्कृति बनाने के लिए जीडीसी में टीमों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम के भीतर एक मजबूत आधार है और मुझे उम्मीद है कि इसे अगले स्तर तक ले जाने के लिए मैं इसे और मजबूत करूंगा।' वह छह साल पहले माइक्रोसॉफ्ट में कमर्शियल सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग (सीएसई), जो अब आईएसई है, की भारत प्रमुख के रूप में शामिल हुई थीं। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि इन वर्षों में, उन्होंने व्यवसाय पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जैसे एमसीएपीएस इंडिया में एक नए खंड के रूप में ग्राहक सफलता इकाई (सीएसयू) की स्थापना की है।

माइक्रोसॉफ्ट इंडस्ट्री सॉल्यूशंस डिलिवरी के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष मॉरीन कॉस्टेलो ने कहा, 'उद्योग में 25 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता और व्यापक माइक्रोसॉफ्ट अनुभव के साथ-साथ अपनी महत्वाकांक्षा और अटूट नेतृत्व के साथ, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपर्णा हमारी जीडीसी टीम को लगातार सफलता दिलाएंगी।' 2005 में हैदराबाद में स्थापित, ग्लोबल डिलीवरी सेंटर (जीडीसी) उद्योग समाधान डिलीवरी की डिलीवरी शाखा है और तब से वैश्विक उपस्थिति के साथ बेंगलुरु और नोएडा तक फैल गया है। गुप्ता ग्राहकों को उनकी डिजिटल परिवर्तनकारी यात्रा में समर्थन जारी रखने के लिए टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष, पुनीत चंडोक ने कहा, 'माइक्रोसॉफ्ट प्रौद्योगिकियों का उनका व्यापक अनुभव और गहरा ज्ञान ग्राहकों को भविष्य के लिए तैयार समाधानों की योजना बनाने और तैनात करने में मदद करेगा, खासकर एआई के युग में, और माइक्रोसॉफ्ट में उनके निवेश के मूल्य को अधिकतम करेगा।' जीडीसी में एप्स इनोवेशन, डेटा और एआई, इंफ्रा एंड सिक्योरिटी और बिजनेस एप्लिकेशन में चार उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के साथ-साथ पार्टनर और डिलीवरी मैनेजमेंट और एडॉप्शन मैनेजमेंट जैसे कार्य शामिल हैं।

## शेयर बाजार में तेजी




**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, कमोडिटीज और हेल्थकेयर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 275.62 अंक अर्थात 0.42 प्रतिशत उछलकर 65930.77 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.40 अंक यानी 0.45 प्रतिशत चढ़कर 19783.40 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.14 प्रतिशत बढ़कर 33,407.33 अंक और स्मॉलकैप 0.20 प्रतिशत उठकर 39,829.60 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3854 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2018 में लिवाली जबकि 1701 में बिकवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां लाभ और शेष 20 नुकसान में रही।

बीएसई के 12 के समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.77, सीडी 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.37, हेल्थकेयर 0.59, ऑटो 0.42, बैंकिंग 0.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.34, धातु 0.13, पावर 0.02, रियल्टी 1.15, टेक 0.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.17 प्रतिशत लाभ में रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56, जापान का निक्केई 0.10, हांगकांग का हैंगसेंग 0.25 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत फिसल गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.09 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 205 अंक की तेजी लेकर 65,860.46 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,849.17 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर बाद 66,082.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,655.15 अंक के मुकाबले 0.42 प्रतिशत मजबूत होकर 65,930.77 अंक पर रहा।इसी तरह निफ्टी 77 अंक की बढ़त के साथ 19,770.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,754.05 अंक के निचले जबकि 19,829.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,694.00 अंक की तुलना में 0.45 प्रतिशत चढ़कर 19,783.40 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में जएसडब्ल्यू स्टील 1.76, टाटा स्टील 1.45, रिलायंस 1.24, सन फार्मा 1.18, टाटा मोटर्स 1.02, भारती एयरटेल 0.97, एचडीएफसी बैंक 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, अल्ट्रासिमको 0.47, एक्सिस बैंक 0.46, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.39, इंफोसिस 0.22, एचसीएल टेक 0.21, नेस्ले इंडिया 0.04 और विप्रो 0.03 प्रतिशत शामिल रही।वहीं, टेक महिंद्रा 0.63, मारुति 0.48, एलटी 0.47, एनटीपीसी 0.44, एसबीआई 0.41, टीसीएस 0.26, कोटक बैंक 0.21, पावरग्रिड 0.19, एशियन पेंट 0.16, आईटीसी 0.16, इंडसइंड बैंक 0.16 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों ने 0.03 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## ओपनएआई से इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों को नौकरी देगा सेल्सफोर्स

**500 से ज्यादा ओपनएआई कर्मचारियों ने इस्तीफा देने की धमकी दी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्रमुख सेल्सफोर्स के अध्यक्ष और सीईओ मार्क बेनिओफ ने मंगलवार को ओपनएआई से इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों को नौकरी की पेशकश की। दरअसल, माइक्रोसॉफ्ट द्वारा पूर्व सीईओ सैम ऑल्टमैन और पूर्व अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन को काम पर रखने के बाद 500 से ज्यादा ओपनएआई कर्मचारियों ने इस्तीफा देने की धमकी दी है। एक्स पर एक पोस्ट में, बेनिओफ ने कहा कि यदि आपका आप्रवासन अब ओ1, एच1बी, या अन्य वीजा पर ओपनएआई से प्रभावित है, तो सेल्सफोर्स ओपनएआई को छोड़ने वाले लोगों की पूरे कैश और इक्विटी ओटीई (ओपन ट्रेड इक्विटी) का मिलान करेगा, और फिर सिल्वियो सावरेज के तहत हमारी सेल्सफोर्स आइंस्टीन विश्वसनीय एआई रिसर्च टीम में शामिल हो जाएंगे। सेल्सफोर्स सीईओ ने लिखा, 'मुझे अपना सीवी सीधे भेजें। आइंस्टीन इस सप्ताह 1 ट्रिलियन पूर्वानुमानित और जेनरेटिव लेनदेन पूरा करने वाला सबसे सफल एंटरप्राइज एआई प्लेटफॉर्म है! हमारी विश्वसनीय एआई एंटरप्राइज रिवॉल्यूशन में शामिल हों। सेल्सफोर्स ने इस साल जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप्स में निवेश करने के लिए 500 मिलियन डॉलर का वादा किया है।

यह निवेश, जो पहले 250 मिलियन डॉलर से बढ़कर अब 500 मिलियन डॉलर हो गया है, रिस्पांसिबल जेनेरिक एआई विकसित करने वाले स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए इसके जेनरेटिव एआई फंड का हिस्सा है। सेल्सफोर्स वेंचर्स के मैनेजिंग पार्टनर पॉल ड्रूज के अनुसार, इससे कंपनी को और भी अधिक उद्यमियों के साथ काम करने, उद्यम के लिए परिवर्तनकारी एआई समाधानों के विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

## सार संक्षेप

### हुंडई की विकलांगों के लिए समर्थ पहल

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आज भारत में विकलांग लोगों की जागरूकता और सक्षमता के लिए 'समर्थ' पहल शुरू की। यह पहल हुंडई की 'मानवता के लिए प्रगति' की वैश्विक दृष्टि के अनुरूप है जिसका उद्देश्य गतिशीलता की शक्ति के माध्यम से एक समावेशी, प्रगतिशील दुनिया को सक्षम बनाना है। इस पहल के माध्यम से, हुंडई का लक्ष्य भारत में विकलांग लोगों के प्रति अधिक जागरूक और संवेदनशील समाज बनाने में मदद करना है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ उन सू किम ने कंपनी के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता शाहरूख खान के साथ इस पहल की शुरूआत करने की घोषणा करते हुये कहा कि भारत में 2.68 करोड़ से अधिक दिव्यांग लोगों के साथ, हुंडई ने दिव्यांगों के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता को समझा। 'समर्थ' के लॉन्च के साथ, हुंडई मोटर इंडिया बड़े पैमाने पर समावेशी गतिशीलता परियोजना शुरू करने वाली भारत की पहली ऑटोमोबाइल कंपनी है। हुंडई एक जन आंदोलन बनाने के लिए एनजीओ और मीडिया नेटवर्क के साथ साझेदारी करेगी, साथ ही हुंडई डीलरशिप और नेटवर्क को और अधिक समावेशी बनाने के लिए संरेखित करेगी। प्रौद्योगिकी, साझेदारी, उत्पाद नवाचार और कहानी कहने के साथ, 'समर्थ' का लक्ष्य दुनिया को सभी के लिए समान अवसर में बदलना है।

### एक्सआर टेक्नालॉजी पर काम करने वाले 100 डेवलपरों को प्रोत्साहन

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने मेटा के सहयोग से भारतीय डेवलपरों के लिए अपनी तरह की अनूठी पहल 'एक्सआर ओपन सॉर्स' (एक्सरोस) फेलोशिप कार्यक्रम में भाग लेने वाले डेवलपरों को ग्रेजुएशन डे पर सम्मानित किया है। कार्यक्रम में एक्सआर टेक्नोलॉजी पर काम करने वाले 100 डेवलपर को प्रोत्साहन दिया गया, जिसके अंतर्गत एक्सआर के क्षेत्र में कार्यरत कार्यक्रम के भागीदार अग्रणी संस्थानों और कंपनियों के प्रोजेक्टों में उनको शामिल किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत 10,000 डेवेलपरों के पंजीकरण से हुई। 24 भागीदार संस्थाओं के 38 ओपन-सोर्स प्रोजेक्टों में योगदान देने के लिए 100 डेवलपर को चुना गया। ये भागीदार संस्थाएं एक्सआर इकोसिस्टम निर्मित करने की दिशा में भारत के योगदान को आगे बढ़ाने और भारत के लिए खास समाधान बनाने के प्रति कटिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम के जरिए चुने गए डेवेलपर्स को एक्सआर (एक्सटेंडेड रियलिटी) के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रोजेक्टों पर काम करने के साथ-साथ विचार साझा करने, सीखने और साझेदारी करने के लिए एक अनूठा प्लेटफार्म प्रदान किया गया। चुने गए डेवेलपरों में से 65 प्रतिशत से अधिक छोटे शहर और कस्बों से और करीब 20 प्रतिशत महिलाएं हैं। फेलोशिप प्राप्त डेवेलपरों ने कई यूजर-केस पर काम किया, जिसमें स्पाशली-पॉवर्ड स्मार्ट वेअरेबल डिवाइसों, मनुष्य की शरीर संरचना का 3डी मानचित्र जोकि मेडिकल ईकोसिस्टम की 3डी दुनिया में मनुष्य शरीर संरचना को समझने में मदद करेगा, इमर्सिव अनुभव हेतु विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों की सहायता के लिए वीआर टूलकिट, हेरिटेज साइट टूर और सांस्कृतिक अनुभव के लिए इंडिक मेटावर्स और विभिन्न तरह की हार्डवेयर स्थितियों में इमर्सिव अनुभव के लिए उचित वेब समाधान शामिल थे।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 16 रिंगिट बढ़कर 3819 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, दिसम्बर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.76 सेंट की गिरावट के साथ 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## एआई कौशल सीखने में 73 प्रतिशत अधिक समय बिताती है भारतीय जेन जेड जेनरेशन



**नई दिल्ली,एजेंसी।** एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारत में जेन जेड पेशेवर अपने पुराने समकक्षों की तुलना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कौशल हासिल करने में अधिक रुचि रखते हैं। वह यह सीखने के लिए अन्य पीढ़ियों की तुलना में 73 प्रतिशत अधिक समय खर्च करते हैं। वैश्विक पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन के अनुसार, जेन जेड, जेन एक्स की तुलना में 1.3 गुना अधिक और बेबी बूमर्स की तुलना में 2.4 गुना अधिक समय बिता रहे हैं। लिंक्डइन इंडिया के कंट्री मैनेजर आशुतोष गुप्ता ने कहा, 'अपस्किलिंग अब सिर्फ एक विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि एआई की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए नेतृत्व और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण मानव कौशल विकसित करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना जरूरी है।' रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि दिसम्बर 2022 से सितंबर 2023 तक वैश्विक एआई वार्तालाप में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

भारत में शिक्षार्थियों के बीच पसंदीदा कौशल पीढ़ी दर पीढ़ी अलग-अलग होते हैं, जबकि जेन जेड प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा विश्लेषण जैसे डिजिटल कौशल सीख रहे हैं, मिलेनियल्स और जेन एक्स नेतृत्व और प्रबंधन, व्यक्तिगत प्रभावशीलता और विकास जैसे सॉफ्ट कौशल में निवेश कर रहे हैं।

एआई द्वारा नियमित कार्यों को संभालने के साथ, पेशेवरों के पास अन्य प्रकार के सार्थक और रचनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर होता है, जिनके लिए सॉफ्ट स्किल की आवश्यकता है, जो केवल इंसानों के पास होती है। रिपोर्ट से पता चला है कि एपीएसी में, जिन तकनीकी पेशेवरों ने कठिन कौशल के अलावा एक या अधिक सॉफ्ट कौशल विकसित किया है, उन्हें केवल कठिन कौशल रखने वाले कर्मचारियों की तुलना में 13 प्रतिशत से अधिक तेजी से पदोन्नति मिलती है। भारत में, एआई और एआई से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में सबसे अधिक मांग वाले सॉफ्ट स्किल में संचार, विश्लेषणात्मक कौशल और बिक्री शामिल हैं। चूंकि, जेनरेटिव एआई में विकास संस्कृतियों, भौगोलिक क्षेत्रों और उद्योगों में बाधाओं को तोड़ने का एक बड़ा अवसर प्रदान करता है, यह हाइब्रिड कार्य सेटिंग्स के दायरे को बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन पहले से ही लचीलेपन की मांग का जवाब दे रहे हैं, भारत में हाइब्रिड जॉब पोस्ट अगस्त 2022 में 13.2 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त 2023 में 20.1 प्रतिशत हो गई हैं।

## सार समाचार

### बागेश्वर धाम जा रही पिकअप कार पलटी, 20 घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** झांसी खजुराहो हाइवे पर ग्राम गंज के पास एक श्रद्धालुओं को लेकर बागेश्वर धाम जा रही एक पिकअप कार अनियंत्रित होकर पलट गई है। इस हादसे में 20 श्रद्धालुओं के घायल होने की जानकारी मिली है। बताया गया है कि अशोकनगर जिले के ईशागढ निवासी कई लोग एक पिकअप कार पर सवार होकर बागेश्वर धाम दर्शनार्थ जा रहे थे। फोरलेन हाइवे पर ग्राम गंज से कुछ पहले अचानक पिकअप चालक को नींद की झपकी आ जाने से कार पलट गई। सभी घायलों को बमीठा पुलिस ने जिला अस्पताल लाकर भर्ती करा दिया है। सभी 20 घायलों में से 5 श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई गई है।

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित 20 लोगों पर मामला दर्ज

**छतरपुर, देशबन्धु।** सलमान हत्याकांड में मंगलवार को खजुराहो थाने में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और राजनगर के विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा सहित 20 अन्य लोगों पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में धारा 188 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि भाजपा जिला अध्यक्ष मलखान सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने यह कार्यवाही की है। यहां बता दें कि पिछले दिनों कांग्रेस पार्षद सलमान खान की कथित हत्या को लेकर राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बिना अनुमति लिये थाने के सामने टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन किया था। इसे लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने बीते रोज छतरपुर आकर विरोध जताते हुये आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मुददा उठाया था।

### कार्तिक स्नान कर महिलाओं ने की आंवले की पूजा

**छतरपुर, देशबन्धु।** कार्तिक माह में बड़ी संख्या में महिलाएं कार्तिक स्नान कर रही हैं। कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने मंगलवार को कार्तिक नवनी के दिन स्नान करके आंवले के पेड़ के नीचे चौक सजाकर विधिविधान से पूजा की। महिलाओं ने 56 प्रकार के व्यंजन तैयार कर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करके भीग लगाया। यहां बता दें कि कार्तिक माह में पूरे माह महिलाये व्रत रख रही हैं। सुबह से स्नान कर विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करने में जुटी हैं। यहां ह्यूमन टौरिया पर महिलाओं की भीड़ रही। एक माह तक स्नान व व्रत रखकर पूजा करने वाली महिलाओं ने देवी मंदिर की परिक्रमा कर पूजा अर्चना कर व्रत पूरा किया। सुबह से दोपहर तक हनुमान टौरिया पर महिलाओं के आने जाने का सिलसिला चलता रहा। महिलाओं ने कस्बे में स्थापित 108 कृष्ण मंदिरों में पहुंच विभिन्न व्यंजनों का प्रसाद लगाया। पूरे दिन मंदिर में मेले जैसा नजारा रहा।

### धूमधाम से मनाई भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को चंदला कस्बे में हैहयवंशी क्षत्रिय ताम्रकार समाज के तत्वाधान में उनके आराध्य श्री राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन भगवान की जयंती उत्साह से मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम तमराई मोहल्ला स्थित वैध वाटिका में आयोजित किया गया। ताम्रकार समाज के लोगों ने सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश का पूजन किया। उसके बाद भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की महाआरती की गई। इस दौरान बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले बालक बालिकाओं का और क्षेत्र में विशेष उपलब्धि वाले समाज के युवाओं का गौरव रत्न सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के अंत में जिला ताम्रकार समाज के अध्यक्ष बद्री प्रसाद ताम्रकार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ताम्रकार समाज की कार्यकारिणी एवं स्वाजातीय लोगो का आभार जताया।

### फोरलेन हाइवे पर पडे घायल को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**छतरपुर, देशबन्धु।** झांसी खजुराहो फोरलेन हाइवे पर एक युवक के घायल पडे होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर जाकर उसे वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाकर उसका इलाज कराया। बाद में पता करके उसके परिजन का अस्पताल बुलाकर युवक को उनके सुपुर्द करके सराहनीय मानवीय कार्य किया है। पुलिस ने बताया कि बीती रात करीब 9 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि एक व्यक्ति झांसी खजुराहो फोरलेन हाईवे के किनारे जमीन पर पड़ा हुआ है। उसके गले से तेजी के साथ रक्तस्राव हो रहा है उसके पास में ही मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 16 एमव्ही 5915 खड़ी है। सूचना प्राप्त होते ही स्थिति की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली अरविंद कुजूर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर चिकित्सीय सुविधा एवं संसाधन उपलब्ध कराते हुए घायल व्यक्ति को पुलिस टीम के साथ जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया। जहां घायल व्यक्ति का उपचार हुआ एवं उपचार दौरान उसके परिजनों को सूचित कर जिला अस्पताल बुलाया गया। उपचार पश्चात जब घायल व्यक्ति ठीक हुआ तो परिजनों के समक्ष पूछताछ की गई। जिसमें पता चला कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति राकेश अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी चंदपुरा थाना सिविल लाइन छतरपुर है, उसने बताया गया कि वह मोटर साइकिल से झांसी खजुराहो फोरलेन हाईवे पर जा रहा था।

उम्मीदवारों को 3 दिसंबर का बेसब्री से इंतजार, लगा रहे हारजीत का गुणा भाग

# भाजपा और कांग्रेस के बागियों ने बढ़ाई उम्मीदवारों की परेशानी

• **संजय सक्सेना**

**छतरपुर, देशबन्धु।** भाजपा और कांग्रेस के बागियों ने मूल दलों के उम्मीदवारों के वोटबैंक का गणित गडबडा दिया है। जिससे मुख्य दलों के उम्मीदवारों की बेचैनी बढ गई है। वे बागियों को मिलने वाले वोटबैंक को लेकर वे अपनी हारजीत का गुणा भाग लगाने में जुटे हैं।

हर बार की तरह इस बार भी भाजपा और कांग्रेस के जिन उम्मीदवारों को टिकट नहीं मिला वे असंतुष्ट हो गये। उनमें से कुछ समझाने पर मानकर मौन हो गये और कई ने अपने मूल दल से बगावत करके समाजवादी पार्टी या बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड गए। उन्होंने मुख्य दलों के उम्मीदवारों की राह में कांटे बोने में कोई कसर नहीं छोडी है। इन्ही बागियों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को खासी टेंशन है। ऐसा माना जा रहा है कि बागियों ने बडे पैमाने पर वोट काटकर ये साबित करने में कसर नहीं छोडी है कि वे क्षेत्र में कितना असर रखते हैं। जिले की तीन सीटों पर ऐसे बागियों की चर्चा सबसे अधिक है। बहरहाल जिन्होंने उजागर रूप से अपने मूल दल से बगावत करके चुनाव लडकर मुकाबले में रहे है। उनका विरोध तो साफ जाहिर है, पर खतरा तो उनसे भी कम नहीं है जो टिकट मिलने से असंतुष्ट हुये और बगावत करने के मूड में आये। मगर वरिष्ठ नेताओं के समझाने पर मानकर मौन साध गये। सब जानते हैं कि भले ही वे मौन हो गये हों पर मौन रहकर भी इशारे ही इशारों में उन्होंने अपने दल के उम्मीदवार को हराने के लिए कसर नहीं छोडी है। इस तरह से ये भी वही कर गये हैं जो बागियो ने ऐलाने जंग में किया है।

### छतरपुर सीट पर क्षत्रप की बगावत

जिले की छतरपुर विधानसभा सीट पर इस बार भाजपा की ललिता यादव और कांग्रेस के वर्तमान विधायक आलोक चतुर्वेदी के बीच कांटे का मुकाबला हुआ है। इस मुकाबले को और रोचक बना दिया है कांग्रेस के बागी डीलमणि सिंह ने, वे कांग्रेस से बगावत करके बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लडे हैं। ये वही डीलमणि सिंह है, जिनकी गिनती क्षेत्र के असरदार क्षत्रपों में होती है, वे किसान नेता माने जाते हैं। कई गांवों मे उनका अच्छा खासा वोट बैंक है, क्षेत्र में असर भी है। वर्ष 2008 में डीलमणि सिंह ने कांग्रेस से बगावत करके बसपा के टिकट पर चुनाव लडा था। तब वे 22591 मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे थे। इसका सीधा नुकसान कांग्रेस उम्मीदवार संतोष अग्रवाल को हुआ, उन्हें केवल 15191 मत मिले और तीसरे नंबर पर आये थे। कांग्रेस के इस मत विभाजन का फायदा उठाकर भाजपा की ललिता यादव 30446 मत लेकर विजयी हुई थीं। इसके बाद आया वर्ष 2013 का चुनाव, इस चुनाव में डीलमणि सिंह निर्दलीय मैदान में उतरे और वर्ष 2008 की तुलना में कुछ प्रतिशत अधिक वोट हासिल करके 17683 मत पाकर तीसरे नंबर पर आये। इस बार भी उन्होंने कांग्रेस का वोट बैंक बांटा, जिससे कांग्रेस उम्मीदवार आलोक चतुर्वेदी 42406 मत पा सके। वे भाजपा की ललिता यादव से हार गये, उन्हें 44623 मत मिले थे। इस तरह से लगातार दूसरी बार कांग्रेस के बागी डीलमणि सिंह ने कांग्रेस को सीधा नुकसान पहुंचाकर अपनी अहमियत साबित कर दी। वर्ष 2018 के चुनाव में उनकी अहमियत को समझकर कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद आलोक चतुर्वेदी ने उन्हें दोस्ती का वास्ता देकर मनाया और उन्हें साथ लेकर चुनाव लडा। इस बार कांग्रेस का मतविभाजन न होने से कांग्रेस के आलोक चतुर्वेदी 66774 मत पाकर चुनाव जीत गये। मगर इस बार हालात पहले जैसे हैं, दरअसल इस चुनाव में विधायक आलोक चतुर्वेदी से असंतुष्ट होकर डीलमणि सिंह कांग्रेस से बगावत करके एक बार फिर बसपा से चुनाव लडे हैं तो निश्चित है कि उन्होंने कांग्रेस के मतो का ही विभाजन किया होगा, यदि ये सच है तो इसका नुकसान कांग्रेस को होना तय है।

### महराजपुर में कांग्रेस का बागी साइकिल पर सवार

महराजपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक मानवेन्द्र सिंह के युवा पुत्र कामाख्या प्रताप सिंह को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। उनके खिलाफ विधायक नीरज दीक्षित को कांग्रेस ने दोबारा टिकट दिया। जिससे कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता और असरदार नेता दौलत तिवारी ने कांग्रेस से बगावत कर दी। वे समाजवादी पार्टी के टिकट पर दमदारी से चुनाव लडे हैं। इससे सीधे सीधे कांग्रेस को नुकसान होने वाला है। ये बात अलग है कि कांग्रेस उम्मीदवार नीरज ने इसे हल्के में लिया हो। मगर बागी के दखल से मतविभाजन का सीधा फायदा भाजपा को मिल जाये तो आश्चर्य नहीं होगा।

### राजनगर में भाजपा का अनुभवी नेता बागी

बात करें राजनगर सीट की तो ये सीट कांग्रेस के विधायक विक्रम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के लिये अजेय सीट मानी जाती है। इस बार वे फिर से चुनाव लडे है। उनके सामने भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया प्रबल प्रत्याशी रहे है। मगर यहां भाजपा के असरदार और अनुभवी नेताओं में शुमार डा घासीराम पटेल बगावत करके बसपा के हाथी पर सवार हो गये। उनका क्षेत्र मे अच्छा असर है और मतदाताओं में पैठ भी खास है। वे निश्चित तौर पर भाजपा के वोट बैंक का बंटवारा करेंगे जो भाजपा उम्मीदवार के लिये ही घातक होगा।

# बैठक में नही सुलझा व्यापारियों और तुलावटियों का विवाद, दोनों पक्ष अड़े

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर स्थित हरपालपुर की कृषि उपज मंडी समिति में व्यापारियों व तुलावटियों में बीच पारिश्रमिक दरों एवं तुलाई को लेकर चल रहे विवाद को हल करने के लिये रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक बेनतीजा रही है।

बैठक में काफी विचार विर्मश के बावजूद दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन सकी है। व्यापारियों ने आपसी सहमति बनाने के लिये चार दिन समय मांगा है। अब रविवार को भारसाधक अधिकारी तहसीलदार संदीप तिवारी की अध्यक्षता में व्यापारियों व तुलावटियों की बैठक फिर से आयोजित की जाएगी।

जानकारी के अनुसार बीते रोज उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर एक फिर कृषि उपज मंडी में तुलाई का मानक एवं हम्माली की पारिश्रमिक दर निर्धारण को लेकर व्यापारियों एवं तुलावटियों में विवाद हो गया। तुलावटियों ने जिंस के बारदाने की अनाधिकृत कटौती का विरोध किया। व्यापारी भी उच्य न्यायालय द्वारा तय हम्माली पारिश्रमिक की दर पर भुगतान करने पर अडे रहे। तुलावटियों ने तहसीलदार को बताया कि किस प्रकार व्यापारियों द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानों की उपज पर प्रति बोरा 500 से 800 ग्राम अधिक तौल ली जाती है। उन्होंने कहा कि हम लोग चाहते हैं कृषि उपज मंडी प्रांगण में किसानों की उपज की तौल शुरू होनी चाहिये। साथ ही किसानों से किसी भी प्रकार की अनाधिकृत कटौती पूर्णता बंद होनी चाहिए।

### विवाद से किसान हो रहे परेशान

इस विवाद के कारण खरीफ़ की फसल बेचने के लिये किसान परेशान होते रहे। विवाद के कारण मंडी में उपज की नीलामी देर से हो रही हैं। दोनों पक्षो के विवाद से किसान भी तय नहीं कर पा रहे कि उन्हें कितनी हम्माली दर एवं जिंस के बारदाने की कटौती होगी। इस मामले में मंडी प्रशासन का कहना है कि अभी यथास्थिति बनाकर मंडी का संचालन होगा। रविवार को दोनों पक्षों की बैठक बुलाकर विवाद का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। जब तक दोनो पक्षों में समझौता नहीं होता है। तब तक तुलावटियों को पुरानी दरों पर व्यापारियों द्वारा भुगतान किया जाएगा। व्यापारियों की जो मांग है उस पर उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कार्यवाही होगी।

### इनका कहना है

दोनों पक्षों की बैठक बुलाकर उनकी बातों को सुना गया। अब रविवार को दोबारा बैठक होगी, नियमानुसार तरीके से कार्यवाही होगी। कृषि उपज मंडी में अभी यथास्थिति रहेगी। मंडी में आम दिनों की तरह कार्य होगा और किसानों की उपज नीलामी की जायेगी।

**संदीप तिवारी**
**तहसीलदार, भारसाधक**

# समितियों का निरीक्षण कर जांची खाद की विक्रय की स्थिति

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार जुझारनगर नायब तहसीलदार ने अपनी टीम साथ गौरीहार अनुविभाग के अंतर्गत बारीगढ़, प्रकाशबम्हौरी, धवारी, चंदवारा की सहकारी समितियों का निरीक्षण करके खाद वितरण की वास्तविक स्थिति की जांच की है।

सहकारी समिति बारीगढ़ में निरीक्षण के दौरान उन्हें सेल्स मैन धन्नी चौरसिया मौके पर मिले। वहां रूरिया खाद की केवल 5 बोरी मिली और डीएपी खाद का स्टाक नहीं मिला । नायब तहसीलदार शारदा प्रसाद सोनी ने किसानों को डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराने के लिए समिति प्रबंधक और सेल्समेन को निर्देशित कियां। उन्होंने कहा की नगर और आसपास के गांव का कोई भी किसान यूरिया से वंचित नहीं रहना चाहिए।

छोटे बड़े सभी किसानों को समय से डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए । जिससे वे समय से अपनी फसल बो सकें। उन्होंने किसानों से बात करके भरोसा दिलाया कि अभी तक जिन किसानों को यूरिया नही मिली है उन्हें एक दो दिन में ही यूरिया पर्याप्त मात्रा में मिलेगी। समिति प्रबंधक पूरन कुशवाहा ने बताया अभी 670 बोरी यूरिया आई थी जो किसानों को वितरित कर दी गई है। सेल्मेन धन्नी चौरसिया ने बताया कि विधानसभा चुनाव की व्यवस्था को देखते हुए अधिकतर किसानों को घर घर जाकर यूरिया का वितरण कर दिया है और यूरिया का आर्डर दिया गया है जैसे ही यूरिया आती है वैसे ही बचे किसानों को भी वितरित कर दी जाएगी। कोई भी किसान यूरिया खाद से वंचित नही रहेगा । निरीक्षण के दौरान पटवारी, आर आई, चौकीदार सेल्समैन और किसान मौके में उपस्थित रहे।

# आधा नवंबर बीतने के साथ छाने लगा कोहरा, सर्द हवाओं से बढ़ाई सर्दी



### सेहत पर पड़ने लगी सर्दी की मार

सर्दी की शुरुआत के साथ जरा से असावधानी से सेहत और सर्दी की मार पड़ने लगी है। खासकर बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होने लगी है। सर्दी के कारण बच्चों में पहले बुखार और फिर निमोनिया की शिकायत मिल रही है। इसी तरह सांस और बीपी सहित हृदय रोग से पीडितों को ज्यादा परेशानी होने लगी है। जुखाम, खांसी के मरीज भी खूब आ रहे है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मौसमजनित बीमारियों के मरीज सबसे अधिक पहुँच रहे है।

**छतरपुर, देशबन्धु।** आधा नवम्बर बीतने के साथ इन दिनों सुबह से कोहरा छाने लगा और सर्द हवाओं के साथ सर्दी का सितम शुरू हो गया है।

मौसम में बदलाव का असर सर्दी के रूप में महसूस होने लगा है। आधी रात को तेज सर्दी महसूस होने लगी है। इसका कारण रात को चलने वाली सर्द हवाएं हैं। इन हवाओं के कारण अब तेजी से मौसम बदलने लगा है। दिसंबर महीने तक सर्दी जोर पकड़ना शुरू कर देगी। फिलहाल फिजा में ठंडक घुलने लगी है। जिस तरह से छतरपुर जिले में तेज गर्मी का असर रहता है उसी तरह सर्दी भी तेज पड़ती है। खजुराहो और नौगांव का तापमान बेहद नीचे आ जाता है। जहां फरवरी के अंत तक तेज सर्दी अपना असर दिखाती है। फिलहाल अभी आसमान पर बादलों की हल्की पर्त छाई रहने से मौसम में बदलाव सर्दी के रूप में महसूस होने लगा है। सोमवार को सुबह चारो ओर कोहरा नजर आया जो 8 बजे तक छंट गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि नवंबर के बाद अंचल में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के बाद नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में हवाओं का रुख पूरी तरह से उत्तरी हो जाएगी, जिसके चलते शहर में तेज सर्दी की शुरूआत होगा। वही हवाओं का रूख बदलने से अगले हफ्ते से तापमान में गिरावट आएगी और धीरे धीरे ठंड़ बढ़ने लगेगी।

आज से सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सागर संभाग के छतरपुर, टीकमगढ़ में मौसम में बदलाव आने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं बादल छाने के साथ-साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है जिससे ठंड बढ़ेगी। अनुमान है कि 20-22 नवंबर के बाद प्रदेश में कड़ाके की सर्दी शुरू हो जाएगी। उत्तर भारत से आ रही हवाओं की रफ्तार में भी तेजी आएगी, जिसके कारण दिन और रात दोनों के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जाएगी, ऐसे में दिसंबर के पहले सप्ताह में प्रदेश में कड़ाके की सर्दी होगी।

# इच्छा नवमीं पर महिलाओं ने की आंवले की पूजा और राधा कृष्ण के किए दर्शन



**नौगांव, देशबन्धु।** महिलाओं का पावन पवित्र महीना कार्तिक स्नान ध्यान आध्यात्मिकता पूजन में कृष्ण पक्ष से शुरू होने वाला व्रत त्यौहार शुक्ल पक्ष की पूर्णमासी तक चलेगा । नौगांव तहसील क्षेत्र के ग्राम बरट सड़ेरी धार्मिक स्थल श्री बटेश्वर शंकर भगवान मंदिर पर 107 महिलाएं कार्तिक स्नान व्रत पूजन कर रही हैं आज उनका पूजन इन्छा नवमीं आंवला के पेड़ के नीचे होगा । घर परिवार और समाज के साथ भोजन व्यवस्था करने की रहती है महिलाएं व्रत रखती हैं नौगांव कस्बा से 7 किलोमीटर दूर ग्राम सिंगरावन कला देवी मंदिर पर कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने कार्तिक स्नान करते समय श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना की । नौगांव नगर के बड़े मंदिर बिहारी जू श्री गिरधर लाल मंदिर तिवारी मोहल्ला बड़ी देवी मंदिर श्री हनुमान जी सरकार दूल्हा देव मंदिर श्री हनुमान जी सरकार 24 नंबर बांग्ला, श्री राधा कृष्ण मंदिर पिपरी वार्ड नंबर 1 पिपरी नौगांव मां शारदा देवी मंदिर पीडब्ल्यूडी प्रांगणश्री मनसा देवी मंदिर बिलहरी रोड नौगांव एवं श्री राम राजा सरकार मंदिर धवर्रा नौगांव-बीरपुरा संगम स्थान पर सैकड़ो महिलाएं कार्तिक स्नान कर रही हैं और सनातन संस्कृति बचाने त्याग तपस्या पर चलकर भारत की संस्कृति जीवित रख रही हैं । समाज सेवी संतोष गंगेले ने नारी शक्ति का सम्मान किया बेटी बचाओ और बेटी पढाओ से महिलाओ को जागरूक किया।

### तंत्र मंत्र कर रहे तांत्रिक को पुलिस ने समझाइश देकर छोड़ा

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से करीब 90 किमी दूर स्थित चंदला कस्बे में तंत्र.मंत्र करके लोगों में दहशत फैलाकर ठगने का प्रयास कर रहे एक युवक लोगों की परेशानी का सबब बन गया। इस मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को पकडा समझाबुझाकर उसे छोड दिया है। जानकारी के अनुसार चंदला नगर के वार्ड नंबर 7 के लोगों का आरोप है कि एक तांत्रिक ने इलाके में तंत्र विद्याा की है। वार्ड के बाहर एक चमीटा गाड़कर चला गया है जिस कारण पूरे वार्ड में आकस्मिक हादसे हो रहे हैं। जिससे वह काफी परेशान और भयभीत हैं। लोगों ने थाने पहुंचकर में एक शिकायती आवेदन देते हुए तांत्रिक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। इस पर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वार्डवासियों के सामने तांत्रिक को बुलाया और उसका चमीटा उखड़वाकर मामले को शांत कराया। बाद में उसे समझाकर आगे से ऐसा न करने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर ऐसा दोबारा किया तो लोगों की रिपोर्ट पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया कि आगे से ऐसा कुछ नहीं होगा।

### आंवला नवमी पर निकाली गई भव्य शोभा

**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को आंवला नवमी पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकली गई। यह यात्रा विगत कई वर्षों से जानराय टोरिया मंदिर के महंत श्री श्रृंगारी जी महाराज के नेतृत्व में निकाली जाती है। जिसमें देश के ख्याति प्राप्त संत महंत शामिल होते हैं। आज यह यात्रा महोबा रोड स्थित जानराय टोरिया मंदिर से प्रारंभ हुई। जो बस स्टैंड से होते हुए मऊ दरवाजा, हटवारा चौक, गांधी चौक बाजार, बालाजी मंदिर, महल रोड, छत्रसाल चौराहा, आकाशवाणी तिराहा, जवाहर रोड होते हुए जानराय टोरिया मंदिर पहुंची। इस शोभायात्रा का जगह जगह लोगों ने स्वागत किया। इस शोभायात्रा में भगवान के स्वरूपों की आरती की गई एवं शोभायात्रा की गरिमा बढ़ा रहे सभी संतजनों का चंदन से तिलक आरती कर पुष्पहार पहनाकर स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया।

# नहीं रूक रही ट्रेवल्स में टेक्स चोरी, सच को अनदेखा कर परिवहन विभाग मौन

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर सहित पूरे जिले में इन दिनों ट्रेवल्स कारोबार में टेक्स चोरी करके मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। यह सब देखकर भी परिवहन विभाग मौन बना है, जिसका खामियाजा आमजन को भोगना पड रहा है।

ट्रेवल्स के इस अवैध कारोबार से जहां शासन को प्रतिमाह लाखों रूपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं ट्रेवल्स में अटैच वाहनों से दुर्घटना होने की स्थिति में पीड़ितों को भी किसी तरह का कोई क्लेम नहीं मिलता है। इस मामले में पुलिस और परिवहन विभाग के मौन का फायदा उठाकर ट्रेवल्स में टेक्स चोरी का धंधा बराबर चल रहा है। जानकारी के अनुसार छतरपुर में लगभग पांच दर्जन से अधिक और पूरे जिले में करीब एक सैकड़ा से अधिक ट्रेवल्स ऐजेन्सियां चल रही हैं। इनमें से किसी भी ऐजेन्सी का परिवहन विभाग में पंजीयन नहीं है। ऐसे में ऐजेन्सियों के संचालकों की चांदी ही चांदी है। जो प्रतिमाह लाखों रूपए की टैक्स चोरी करके अपनी तिजारी को भर रहे हैं। अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही के लिए यातायात पुलिस व परिवहन विभाग को अधिकार दिए गए हैं लेकिन अधिकारियों ने आजतक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है।

### बिना टैक्सी परमिट चला रहे वाहन

ये ट्रेवल्स ऐजेन्सियां लोगों की मांग और पसंद के अनुसार उन्हें जो लग्जरी वाहन आसानी से उपलब्ध कराते हैं उनमें अधिकांश वाहनों का वाहन मालिक परिवहन विभाग में पंजीयन कराए बिना वाहनों को सीधे ऐजेन्सियों से संबद्ध करा देते हैं। ऐसे वाहनों को बिना टेक्सी परमिट के ही चलाया जाता है। इस पूरे कारोबार में एक तरफ ट्रेवल्स ऐजेन्सी संचालक टेक्स चोरी कर बनाए गए प्रावधानों का मजाक उड़ा रहे हैं। दूसरी तरफ ऐजेन्सियों से वाहन किराए पर लेने वाले प्रावधानों से अंजान लोग कोई हादसा होने से क्लेम तक नहीं ले पाते हैं। जिससे उन्हें आर्थिक जोखिम भी उठाना पडता है। गौरतलब है कि जिन वाहनों पर लगी नंबर प्लेट का रंग पीला होता है केवल वही वाहन परिवहन विभाग में पंजीकृत होकर वैधानिक रूप से टेक्सी परमिट वाला होता है। जिले के कई अधिकारी भी जिन वाहनों को विभाग के लिए हायर किए हैं उनमें से भी अधिकांश वाहनों का टैक्सी परमिट नहीं है। जिनके एवज में वाहन संचालकों या ट्रेवल्स ऐजेन्सियों को मोटी राशि का भुगतान किया जाता है।

### कच्ची रसीद देकर चलाते हैं काम

जब भी इन ऐजेन्सियों से कोई वाहन किराए पर लेता है तो उसे टिन और पिन नंबर वाली पक्की रसीद नहीं दी जाती है। दरअसल पक्की रसीद देने के बदले परिवहन विभाग को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार टैक्स अदा जो करना पड़ता है। एक सादा कागज पर कच्ची रसीद बना कर थमाकर वाहन हायर करने वालों को किसी तरह समझा बुझाकर संतुष्ट कर दिया जाता है। इस रसीद का किसी भी तरह के क्लेम लेने में कोई महत्व नहीं होता है। इतना ही नहीं इन वाहनों को जो चालक चलाते हैं उनमें से 90 फीसदी चालकों के पास कामर्शियल वाहन चलाने का लाइसेंस तक नहीं होता है।

### *कैसे होता है नुकसान*

*बिना टेक्सी परमिट के चलने वाले निज वाहनों से यदि कोई दुर्घटना होती है तो इसमें रिस्क कवर नहीं हो पाती है। पीड़ित को दुर्घटना क्लेम का कोई लाभ नहीं मिल पाता है। दरअसल टेक्सी परमिट ही बीमा पर चढ़ाया जाता है तभी पीड़ितों को क्लेम का लाभ मिल सकता है अन्यथा पीड़ित जहां एक तरफ हादसे में षारीरिक नुकसान झेलते हैं। वहीं दूसरी तरफ वे संबंधित ट्रेवल्स से पक्की रसीद न मिलने के कारण ऐजेन्सी के खिलाफ भी कोई कार्यवाही नहीं कर पाते हैं। अकसर ये प्रावधन सामान्य लोगों को पता नहीं होते है इसी नासमझी का फायदा उठाकर ट्रेवल्स ऐजेन्सी संचालक मनमानी व टेक्स चोरी करके मोटा मुनाफा कमाते हैं।*

### *इनका कहना है*

*ट्रेवल्स ऐजेन्सी संचालक नियम विरूद्ध तरीके से निजी वाहनो को किराए पर देते हैं। वाहनों को टेक्सी परमिट पर ही किराए पर देना चाहिये। वाहन किराए पर देते समय बाकायदा टिन व पिन नंबर वाली अधिकृत रसीद भी दी जानी चाहिये। इन वाहन चालकों के पास कामर्शियल वाहन संचालन का लाइसेंस भी होना जरूरी है। बिना टेक्सी परमिट और बिना अधिकृत रसीद वाले वाहनों से यदि कभी कोई हादसा होता है तो पीड़ित पक्ष को वाहन मालिक या ट्रेवल्स ऐजेंसी पर क्लेम करने का कोई केस नहीं बन सकता है।*

***कमल सक्सेना, अधिवक्ता***

देशबन्धु

सागर, बुधवार 22 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## कानून को फिर ठेंगा दिखाया राम रहीम ने

विवादास्पद धर्मगुरु और डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने एक साल में पांचवी बार पैरौल हासिल कर एक बार फिर से बता दिया है कि रसूखदारों के समक्ष कानून की कोई बिसात नहीं है। गुरमीत राम रहीम इंसान के नाम से जाना जाने वाला यह धर्मगुरु एक रेप मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद था। उसे 21 दिनों की पैरौल मिली है। चार दिन पहले उसकी ओर से पैरोल की अपील की गई थी तथा वह मंगलवार की दोपहर जेल से निकलकर उत्तरप्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम में पैरोल के दिन काटने के लिये रवाना हो गया। उसे डीएसपी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बाकायदा बरनावा आश्रम तक सुरक्षित छोड़कर आयेगी। राम रहीम को जेल से लेने के लिये उसके कुछ शिष्य आये थे जो उनके साथ ही रहेंगे। स्वाभाविक है कि फरलो मंजूर होने के बाद राम रहीम के अनुयायियों और समर्थकों में खुशी की लहर है। यह भी बताया जाता है कि बरनावा आश्रम में उसके आने की भव्य तैयारियां कर ली गई हैं।

उल्लेखनीय है कि राम रहीम को अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार करने एवं एक पूर्व डेरा प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के आरोप में 20 वर्ष की सुनाई गई है। अगस्त 2017 में पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। इसके उपरांत आश्रम को लेकर अनेक तरह की बातें कही जाती हैं लेकिन कहते हैं कि सारी बातें उसके प्रभाव व भय से कभी सामने नहीं आ पाईं।

वैसे राम रहीम को फरलो पर बाहर आने के मसले को हरियाणा 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ भी जोड़ा जा रहा है। राम रहीम का एक बड़े वर्ग पर अच्छा-खासा प्रभाव है जो उसके अपराधी साबित होने के बाद भी कम नहीं हुआ है। कहते हैं कि हरियाणा को सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी पहले भी उसकी मदद अपने प्रचार के लिये अप्रत्यक्ष रूप से लेती रही है। इसके एवज में ही राम रहीम पर यह मेहरबानी होती है। उसे सबसे पहले 30 दिनों की पैरौल 17 जून 2022 को मिली थी। उस दौरान भी वह बरनावा आश्रम में रहा था। फिर 15 अक्टूबर को उसे दूसरी बार पैरौल मिली थी। 21 जनवरी, 2023 को तीसरी बार उसे 40 दिनों के लिये फरलो मिली। पैरोल पूरी कर वह तीन मार्च को वापस सुनारिया जेल चला गया था। चौथी बार फिर 20 जुलाई को 30 दिनों की पैरौल प्राप्त कर वह फिर अपने बरनावा आश्रम पहुंचा था।

यह सचमुच आश्चर्यजनक है कि ऐसे जघन्य अपराधों के लिये सजा काट रहा एक व्यक्ति कैसे मनमर्जी से पैरोल पा लेता है जबकि देश की जेलों में सजा काट रहे लाखों लोगों को एक दिन की छुट्टी पाना तक मुहाल हो जाता है- चाहे किसी के घर में मौत हुई हो या किसी का नज़दीकी सख्त बीमार पड़ा हो जो उसका मुंह आखिरी बार देखने के लिये तरस रहा हो। जेलों में बन्द बहुत से ऐसे लोग भी होते हैं जिन्हें सज़ा तक नहीं सुनाई गई होती और वे विचाराधीन यानी अंडर ट्रायल कैदी होते हैं। इतना ही नहीं, नियमों के अनुसार उनके परिजन या मित्र उनसे दो-चार मिनटों के लिये मिलने के लिये अवसर तक नहीं पा सकते क्योंकि मुलाकात कराने की प्रक्रिया बेहद दुरुह है। इसके अलावा सम्पूर्ण न्यायालयीन व कानूनी प्रक्रिया में फैला भयानक भ्रष्टाचार गरीबों व अभावग्रस्त लोगों को अपने अधिकार का लाभ उठाने से तक रोक देता है। भारत की किसी भी जेल के बाहर यह दृश्य आम होता है कि हजारों की संख्या में लोग जेलों में बन्द अपने किसी नज़दीकी से मिलने के लिये घंटों इंतज़ार करते रहते हैं। या तो उनकी मुलाकात हो ही नहीं पाती या फिर उन्हें बार-बार जेल के दरवाजों पर आना पड़ता है। केवल मुलाकात करने का आदेश पाना या फिर उसका क्रियान्वयन करा लेना अपने आप में एक बड़ी कठिन चुनौती होती है। इतना ही नहीं, बहुत छोटी सी जमानत राशि के अभाव में लाखों गरीब, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, निरक्षर, एकाकी लोग बगैर सजा मिले कई-कई साल जेलों की कोठरियों में गुजार देते हैं।

ऐसे में राम रहीम जैसों को चाहे जब पैरोल मिल जाना आश्चर्यकारी से अधिक दुखद ही कहा जा सकता है। जिस गति से उनकी अस्थायी मुक्ति के दस्तावेज़ एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय और एक टेबल से दूसरी टेबल की यात्रा करते हैं, वह बतलाता है कि देश में कुछ लोगों के लिये एक कानून है तो अन्य लोगों के लिये दूसरा कानून। कानून के समक्ष समानता का अधिकार यहां पानी मांगता नज़र आता है। हालांकि इसका बचाव करने वाले कहते हैं कि जो भी हो रहा है वह विधिसम्मत ही होता है। सवाल तो यह है कि सुविधाहीन एवं सामान्यजनों के लिये विधिप्रदत्त अधिकार कहां हवा हो जाते हैं। व्यवस्था वास्तविक रूप से ज़रूरतमंदों को ऐसी राहत कभी नहीं दे पाती।

सबसे दुखद तो यह है कि ऐसे अपराधियों का उपयोग राजनैतिक दल चुनाव जीतने के लिये करते हैं। पिछले कुछ समय से देश को जो हवा बदली है उसमें भाजपा को कांग्रेस व अन्य कई दलों द्वारा बनाये गये विपक्षी गठबन्धन इंडिया की ओर से गम्भीर चुनौतियां मिल रही हैं। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली हार के बाद जिस प्रकार से भाजपा के सिर पर जारी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी खतरा मंडरा रहा है, भाजपा को हर ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत है जो उसके वोट बैंक में इज़ाफ़ा कर सके। अपराधियों को यूं खुली छूट घातक है।

# कांग्रेस के हाथ में लौटा 'सामाजिक न्याय' का अस्त्र

10 वर्षों की धमाचौकड़ी के बाद अगर भारतीय जनता पार्टी और उनके सर्वेसर्वा बन बैठे नरेन्द्र मोदी ढलान पर दिख रहे हैं तो उसका कारण है कांग्रेस के हाथों में लौट आया 'सामाजिक न्याय' का वह अस्त्र, जिसके बल पर उसने देश की तस्वीर व तकदीर को संवारा है। भीषण गरीबी, निरक्षरता, बदहाली, असमानता और अनेकानेक काली परतों को चीरकर एक आत्मनिर्भर व चमकदार भारत का निर्माण इसलिये हो सका क्योंकि यह मुद्दा व आजादी का मसला अंतर्गुंफित थे। स्वतंत्रता की लड़ाई में सम्प्रभुता बेशक महत्वपूर्ण थी, लोगों के सशक्तिकरण की आकांक्षा कहीं अधिक बलवती थी। स्वतंत्रता का घोषित उद्देश्य स्वाभाविक तौर पर भारत की विदेशी साम्राज्यवाद से मुक्ति का था, पर महात्मा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस द्वारा लड़े गये आजादी के आंदोलन का प्रमुख लक्ष्य करोड़ों लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना था।

सामाजिक न्याय ही वह आकर्षण था जिसके कारण भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल राजा-महाराजाओं, जमींदारों या कुलीन वर्ग का होकर नहीं रह गया था। उन्होंने भी उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था जो वंचित, शोषित, गरीब और कमज़ोर थे। गांधीजी ने अपने रहन-सहन, भाषणों, लेखों तथा कांग्रेस की बैठकों में इस बात को साफ कर दिया था कि उनके लिये आजादी के क्या मायने हैं और किनके लिये वे अपने जीवन को स्वाहा कर रहे हैं। जॉन रस्किन की जिस किताब 'अन टू दिस लास्ट' ने उन्हें रात भर सोने नहीं दिया तथा जिसे पढ़कर उन्होंने सर्वोदय को अपना तिलस्मा तैयार कर देश की सरकारों व संस्थाओं को दिया, वही 'सर्वोदय' की भावना एक तरह से लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के रूप में पल्लवित होता दिखता है। उनके विचारों की शब्द देह कही जाने वाली 'हिन्द स्वराज' पुस्तक में उनका यही मंत्र स्वतंत्र भारत की सरकारों के लिये कम्पास की तरह काम करता रहा और वही सामाजिक न्याय की गांधी की अवधारणा है।

देश स्वतंत्र होने के बाद कांग्रेस की तमाम सरकारों एवं उनके प्रमुख प्रधानमंत्रियों ने देश को इस मुद्दे पर कभी भी निराश नहीं किया। समाजवाद से प्रभावित पहले प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने करोड़ों किसानों को घोर गरीबी से बाहर निकालने के लिये कृषि को संवारने का बीड़ा उठाया। बड़े बांधों और नहरों के जाल बिछाने के अलावा खाद कारखाने, कृषि सम्बन्धी शोध व अध्ययन को बढ़ावा दिया। किसानी के काम में छोटी जोत के व सीमांत किसानों, खेतिहर मजदूरों की संख्या अधिक थी और हाथ से काम करने वाले ये सारे समाज के निचले वर्गों से ही आते थे। अब भी काफी कुछ वैसा ही है। इसके बाद उल्लेखनीय काम किया इंदिरा गांधी ने। उनकी लाई गरीबी उन्मूलन योजना, 20 सूत्री कार्यक्रम, हरित क्रांति, साहूकारी व्यवस्था का अंत, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रीवी पर्स की समाप्ति आदि जैसे कार्यक्रम भी प्रकारांतर से सामाजिक न्याय के ही स्वरूप थे। बीच में आए लालबहादुर शास्त्री को उतना वक्त ही न मिल पाया परन्तु उन्होंने इस काम को कहीं रुकने नहीं दिया। 1984 में आये राजीव गांधी के बारे में सोचा गया कि वे विदेशी मानसिकता में पले-बढ़े हैं इसलिये देश का कहीं अधिक पश्चिमीकरण होगा जिसमें यह मुद्दा खूंटी पर टंग जायेगा। इसके विपरीत उन्होंने पंचायती राज को मजबूत किया, नवोदय स्कूल खोले, भारत को डिजीटल बनाने में मदद की, मताधिकार की आयु को घटाया। इन सबके कारण निचले तबके के लोगों के लिये बगैर भेद-भाव अवसरों के नये-नये दरवाज़े खुले। आधुनिक व्यवस्था के बीच में भी उनके समय सामाजिक न्याय ने अपनी जगह नहीं छोड़ी थी।

1991 में जब पीवी नरसिंह राव पीएम बने, नयी वैश्विक अर्थप्रणाली का आगमन हो चुका था। इस व्यवस्था के तहत रोज-रोज खुलते नये-नये उद्योग-धंधों व कारोबार ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को विस्मृत ही नहीं वरन उसका तिरस्कार भी किया। पश्चिम प्रवर्तित नयी व्यवस्था के अंतर्गत देश के होते कार्पोरेटरीकरण के अनुसार हाशिये पर खड़े लोगों के लिये कुछ करना फिजूलखर्ची तथा इकानॉमी पर बोझ डालना बताया गया। मंडल आयोग की आरक्षण की सिफारिशों अब और कड़ी आलोचना का विषय बन गईं। यह देश का ऐसा बड़ा नरेशन बन गया कि उसके शोर-गुल में बाबरी मस्जिद के ढहाने का काम भी हो गया। इसी के बल पर पीएम बने अटल बिहारी वाजपेयी ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को और भी पीछे ठेल दिया। वे इंडिया को शाइन करते रहे। 2004 में कांग्रेस सरकार में लौटी तो भारत के चाल बदलने की बहुत उम्मीद नहीं थी परन्तु कमान गांधी परिवार की बहू सोनिया गांधी के हाथ में थी- प्रधानमंत्री चाहे उसी वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. मनमोहन सिंह थे। वे मनरेगा, भोजन का अधिकार जैसी योजनाएं लेकर आये। उन्होंने पंचायती राज को फिर मजबूत किया, खनिज न्यासों की स्थापना की, ग्राम सभाओं के अधिकार बढ़ाये और इन सबके माध्यम से कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को पुनर्जीवित किया।

पीवी नरसिंह राव एवं मनमोहन सिंह के काल में अलबत्ता एक ऐसा आत्मकेंद्रित व स्वार्थी नवधनाढ्य, खाया-पिया अघाया वर्ग तैयार हो गया जो सब्सिडी को गैर ज़रूरी मानता है, लोक कल्याणकारी योजनाओं से नफरत करता है और निचले तबकों को उसका वाजिब हक देना ही नहीं चाहता। वह पूरे समाज को थोड़े से टैक्स पेयरों व बड़े उद्योगपतियों की बपौती मानता है। सुविधायुक्त मकान, कार, अच्छा-खासा बैंक डिपॉजिट एवं टेक्नॉलाजी से सज्जित यह छोटा सा वर्ग सामाजिक व राजनैतिक शक्तियां हासिल कर हाशिये पर खड़े वर्गों को सफे से बाहर करने पर तुला है। यही वह वर्ग है जो भारतीय जनता पार्टी व मोदी को इसलिये पसंद करता है क्योंकि वे बहुजन विरोधी सोच पर आधारित हैं। गरीबों, दलितों, किसानों, मजदूरों, अल्पसंख्यकों से घृणा करने वाला इस बात के प्रति सतर्क रहता है कि कोई भी नेता या राजनैतिक पार्टी सामाजिक न्याय पर बात न करे। इसलिये मोदी के लाये काले कृषि कानूनों के समर्थन में यही वर्ग था जो खेतों में कभी उतरा भी न हो। ये ही वे लोग हैं जो किसानों, आदिवासियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने वालों को जेल में डालने पर आनंदित होते हैं। कोरोना काल में सड़कों पर मरते मजदूर इनके मनोरंजन का विषय रहते हैं। सबके पीछे उनकी यही मंशा होती है कि उन्हें न्याय न मिले।

पिछले कुछ समय से सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से कांग्रेस के हाथों में आ गया है जिसे पिछले दिनों हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के हो चुके तथा राजस्थान व तेलंगाना के होने जा रहे विधानसभा चुनावों में (नतीजे 3 दिसंम्बर को) जातिगत जनगणना के माध्यम से लोगों को अवसर देने की गारंटी है। इसकी नौबत इसलिये आई क्योंकि भाजपा ने अपने इस 10 वर्षीय शासन में दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों के हकों को छीन लिया है। चोर दरवाजे से सारे अवसर पहले से सुविधासम्पन्न तथा ऊंचे तबकों को दिये जा रहे हैं।

ऐसे समय में जब लोगों के दिमाग से उनके ही पैसों से होने वाला निजी क्षेत्रों के पोषण का भूत उतर रहा है, भाजपा का ध्रुवीकरण का मुद्दा भोथरा हो चुका है- कांग्रेस का सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से राजनीति के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। सामाजिक न्याय की कस्टोडियन व चैंपियन तो आखिरकार कांग्रेस ही है। विशेषकर, नेहरू-गांधी परिवार की भावना सामाजिक न्याय ही है। अब यह अस्त्र वापस गांधी परिवार के हाथ में आ गया है जिसके नये ब्रांड एंबेसडर राहुल गांधी हैं। भाजपा की मुसीबत यहीं से शुरू होती है क्योंकि उसकी न तो सामाजिक न्याय देने की हसरत है, न उसका ट्रैक रिकार्ड है और न ही उसके पास कोई ब्लू प्रिंट।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**



डॉ. दीपक पाचपोर

> **कुछ समय से सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से कांग्रेस के हाथों में आ गया है जिसे पिछले दिनों हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के हो चुके तथा राजस्थान व तेलंगाना के होने जा रहे विधानसभा चुनावों में (नतीजे 3 दिसंम्बर को) जातिगत जनगणना के माध्यम से लोगों को अवसर देने की गारंटी है।**

# गरीबों को मुफ्त अनाज देने से चुनाव जीतने की संभावना नहीं

■ नन्तू बनर्जी

केन्द्र सरकार की ओर से 2020-21 में कोविड महामारी के दौरान लंबी लॉक डाऊन अवधि में देश में गरीबों और निम्न आय वर्ग के 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना बहुत सोच-समझकर किया गया था। इस सुविधा को दो बार बढ़ाया गया था, आखिरी बार 1 जनवरी, 2023 को एक वर्ष की अवधि के लिए। पिछले विस्तार का संबंध संभवत:नागालैंड,त्रिपुरा, मेघालय, और कर्नाटक में चुनावों से अधिक था। अब वर्तमान पांच राज्यों के चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की कि देश की लगभग 60प्रतिशत आबादी अर्थात 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए लगभग सालाना 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी खर्च पर मुफ्त राशन (खाद्यान्न) योजना फिर से पांच साल के लिए, यानी 2028 तक बढ़ा दी जायेगी।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी रैली में की गई घोषणा बेतुकी लगती है। यह सरकार के स्वयं के वार्षिक आर्थिक विकास के दावों और देश के बहुआयामी गरीबों की पंजीकृत संख्या में वार्षिक ऑन-पेपर गिरावट को चुनौती देता है। मुफ्त खाद्यान्न योजना के तहत, भारत में गरीबों की आबादी 2028 के अंत तक 80 करोड़ से अधिक स्थिर रहने की उम्मीद है। यह संख्या इस साल जुलाई में सरकार की अपनी रिपोर्ट के विपरीत है, जिसमें कहा गया था कि लगभग 13.5 करोड़ लोग या इसके करीब लोग गरीब हैं। दावा किया गया था कि मार्च 2021 तक पांच वर्षों में भारत की 10 प्रतिशत आबादी गरीबी से बच गई। गवर्नमेंट थिंक टैंक नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा, 'पोषण में सुधार, वर्षों की स्कूली शिक्षा, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन ने गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

इसके अलावा, नीति आयोग की रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। अध्ययन में कुपोषण, शिक्षा और स्वच्छता जैसे 12 संकेतकों के आधार पर संयुक्त राष्ट्र के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) का उपयोग किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में रहने वाली आबादी का प्रतिशत 2015-16 में 25 प्रतिशत से गिरकर 2019-21 में 15 प्रतिशत हो गया।' देश में बहुआयामी गरीबों की संख्या में 9.89 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जो 2015-16 में 24.85 प्रतिशत से बढ़कर 2019-21 में 14.96 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे तेजी से गिरावट देखी गई जो 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28प्रतिशत हो गई।'

36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों के लिए बहुआयामी गरीबी अनुमान प्रदान करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे तेज कमी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा और राजस्थान राज्यों में देखी गई। क्विज़ली, ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023 में भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया था, जिसे सरकार ने ग़लत और दुर्भावनापूर्ण इरादे से खारिज कर दिया था। क्या ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने भारत की गरीबी का आंकड़ा देश की मुफ्त खाद्यान्न योजना पर आधारित किया है?

दो प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं: देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के अनुमान का स्रोत क्या है जो सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला बेहद सस्ता राशन भी नहीं खरीद सकते हैं और सरकार को क्या लगता है कि ऐसे लोगों की संख्या 2028 तक स्थिर बनी रहेगी। इसका उत्तर अगले साल जून से पहले लोकसभा और सिक्किम और संभवत: जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने के दबाव में हो सकता है। संयोग से मिजोरम में 7 नवंबर को, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर को, मध्यप्रदेश में 17 नवम्बर को चुनाव हो गये। राजस्थान में 25 और तेलंगाना में 30 नवम्बर को चुनाव होंगे। राजनीतिक रूप से केन्द्र सरकार का नेतृत्व कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए इस कैलेंडर वर्ष के बाद मुफ्त खाद्यान्न योजना को रोकने का समय काफी मुश्किल पैदा करने वाला हो सकता है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि हाल के दिनों में मुफ्त राशन से भाजपा के लिए मतपेटियां नहीं भरीं। लेकिन, इसके बाहर होने से भाजपा काफी अलोकप्रिय हो सकती है। हाल ही में पार्टी को कर्नाटक में बड़ा झटका लगा था। भाजपा फिलहाल भारत के 28 राज्यों में से सिर्फ 10 में ही सत्ता पर काबिज है।

जाहिर है, सन् 2020 से 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त खाद्यान्न भाजपा को चुनाव जीतने में विशेष मदद नहीं कर रहा है। ऐसे खाद्यान्न का वितरण राज्य सरकारों के अंतर्गत आने वाली राशन दुकानों के माध्यम से किया जाता है। गरीबों और अशिक्षितों को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि राशन की दुकानों पर मुफ्त अनाज का बिल कौन भरता है। मुफ्त राशन की आपूर्ति का श्रेय राज्य लेते हैं। इस प्रणाली ने खाद्यान्नों की खरीद और वितरण में शामिल राज्य मशीनरी को बुरी तरह से भ्रष्ट कर दिया है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार की मुफ्त राशन किट योजना में 'भारी भ्रष्टाचार' का आरोप खुद भाजपा ने लगाया है। चुनावी राज्य राजस्थान की राज्य विधानसभा में विपक्ष के उपनेता, भाजपा के सतीश पूनिया ने हाल ही में आरोप लगाया कि अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में भ्रष्टाचार को 'संस्थागत' बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन किट योजना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की एक 'सुनियोजित साजिश' है।

पश्चिम बंगाल में राशन में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। इसने अब तक अनुमान लगाया है कि पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार का स्तर लगभग 1,000 करोड़ रुपये है। ईडी पहले ही राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री, ज्योति प्रियमल्लिक (अब वन मंत्री) को उनके 'करीबी' सहयोगी, एक बड़े चावल मिल मालिक बकीबुर रहमान के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। इसने राज्य में 300 से अधिक 'फर्जी' राशन दुकानों को सूचीबद्ध किया है। कथित तौर पर राशन सामग्री को खुले बाजार में बेचने से पहले उन फर्जी राशन दुकानों के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों से एकत्र किया जाता है। पश्चिम बंगाल में 21,000 से अधिक पंजीकृत राशन दुकानें हैं। भ्रष्टाचार खरीद स्तर पर शुरू होता है और डीलरशिप सिस्टम, राशन कार्ड जारी करने और कार्डधारकों को राशन वितरण के माध्यम से जारी रहता है।

बहुत कम लोग जानते हैं कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में भ्रष्टाचार का स्तर क्या है, जहां 73,000 से अधिक पंजीकृत राशन दुकानें हैं, महाराष्ट्र में 50,000 से अधिक, बिहार में 44,000 से अधिक, आंध्र प्रदेश में 43,000 से अधिक, तमिलनाडु में 32,000 से अधिक, ओडिशा में 28,000 से अधिक, राजस्थान में 22,000 से अधिक, कर्नाटक में 20,000 से अधिक, और मध्यप्रदेश में 20,000 से अधिक। तमिलनाडु में 90 प्रतिशत ग्रामीण आबादी राशन की दुकानों का उपयोग करती है, जबकि पश्चिम बंगाल में केवल 35प्रतिशत ग्रामीण आबादी ऐसा करती है। तमिलनाडु की लगभग 94 प्रतिशत राशन दुकानें सहकारी समितियों द्वारा चलाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल में, निजी डीलर सरकारी विभाग और लाभार्थियों के बीच मुख्य संबंध हैं। डीलर पॉइंट (राशन की दुकानों) के माध्यम से, लाभार्थी राशन कार्ड की श्रेणी और योजनाओं के आधार पर अपनी पात्रता के अनुसार राशन लेते हैं। डीलर कई कारकों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये लाइसेंस पर काम करते हैं - जैसे मौजूदा डीलरों के साथ जुड़े कार्डों की संख्या, भूगोल और सेवा के तहत क्षेत्र की पहुंच आदि। विभाग, डीलर, खरीदार और आपूर्तिकर्ता एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

माना जाता है कि मुफ्त खाद्यान्न वितरण प्रणाली कई स्तरों पर सिस्टम संचालकों के बीच भ्रष्टाचार को और बढ़ावा दे रही है। भ्रष्टाचार का स्तर इतना गहरा है कि राज्य सरकारों की मदद के बिना राष्ट्रीय सरकार के लिए अकेले ही स्थिति से निपटना संभव नहीं है। ब्रिटिश-प्रवर्तित राशन प्रणाली 1940 के दशक में बंगाल के अकाल के बाद शुरू हुई। देश भर में खाद्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए सार्वजनिक कानून 480 के तहत अमेरिकी खाद्य सहायता की मदद से 1950 और 1960 के दशक के मध्य में इसका देश भर में विस्तार हुआ। हालांकि हरित क्रांति ने धीरे-धीरे स्थिति में सुधार किया और भारत एक महत्वपूर्ण खाद्यान्न निर्यातक के रूप में उभरा, गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राशन प्रणाली का विस्तार जारी रहा।

दुर्भाग्य से सरकार ने इसके उचित क्रियान्वयन पर बहुत कम ध्यान दिया। सिस्टम में शामिल लगभग हर एजेंसी और उसके राजनीतिक दलालों ने गरीब आदमी के पेट की कीमत पर अपने लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के लिए भ्रष्टाचार किया। सरकार ने देश की आबादी की इतनी बड़ी संख्या को अगले पांच वर्षों तक कवर करने के लिए मुफ्त खाद्यान्न आपूर्ति प्रणाली जारी रखने से पहले संपूर्ण राशन प्रणाली को पुनर्जीवित करने और लाभार्थियों की उचित पहचान करने के लिए अच्छा काम किया होता।

> **दो प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं: देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के अनुमान का स्त्रोत क्या है जो सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला बेहद सस्ता राशन भी नहीं खरीद सकते हैं और सरकार को क्या लगता है कि ऐसे लोगों की संख्या 2028 तक स्थिर बनी रहेगी। इसका उत्तर अगले साल जून से पहले लोकसभा और सिक्किम और संभवत: जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने के दबाव में हो सकता है।**

## पावन प्रसंग

### समय का एक एक क्षण महत्वपूर्ण

समय के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था- बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुन: प्राप्त नहीं किया जा सकता। समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए यह कहावत कही गई है-

'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,
पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब।।'

प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है- सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं। उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता। समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करतीं, समय के महत्व को दर्शाते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है। इसलिए कहा गया है -का वर्षा जब कृषि सुखावे' इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है। समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है, और हजारों, लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है, वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक न पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदुपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिकों ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है। उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है। समय के महत्व को समझने के लिए वैसे तो सभी वर्गों के लिए यह आवश्यक है, पर समय की महत्ता का सर्वाधिक महत्व विद्यार्थियों के लिए होता है।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### क्रिकेट कप के बहाने भारत को मिली सीख!

भारत में अंधश्रद्धा और पाखंड किस तरह हावी है उसकी आखिरकार पोल पट्टी खुल ही गई। ये तय था यदि भारत की जय होती तो सट्टाबाजार भले धराशाई हो जाता किंतु पाखंडियों का बाज़ार बहुत गर्म हो जाता। वैसे भी ऐसे कथित चमत्कारी बाबा अपना व्यवसाय बढ़ाए हुए हैं। अंधश्रद्धालुओं और कथित बागेश्वरधाम बाबा की सिट्टी-पिट्टी गुम है। क्या वे इस घटना से तनिक सा सबक सीखेंगे?

मैच को भाग्य का खेल मानने वाले ये भलीभांति समझ लें। यह खेल कड़ी मेहनत और चैतन्य नज़र का खेल है जरा सी चूक भारी पड़ जाती है। फिर चाहे हवन,पूजन हो, लाखों की तादाद में जनता हो या स्वत: देश का मुखिया मौजूद हो। आस्ट्रेलिया की जीत पर जिस तरह की ख़ामोशी स्टेडियम में छाई उससे तो यही लगता है ये सब क्रिकेट प्रेमी नहीं थे। खेल भावना का विकास यहां इन पाखंडियों और धूर्तों की वजह से नहीं पनप पाया। आज देश के मुखिया का व्यवहार जिस तरह आस्ट्रेलिया के कप्तान के प्रति हिकारत से लबरेज था वह भी बताता है कि जब सत्ता प्रमुख को के भावना का ज्ञान नहीं था तो आमजनता उतनी कसूरवार नहीं।

बहुत समय से क्रिकेट मैच के दीवाने लोगों को इस जीत के भूत की सवारी छोड़ देनी चाहिए। खेल भावना विकसित कर ही इस मैच का आनंद लिया जा सकता है। पाकिस्तान के साथ मैच होने पर जिस तरह की क्रूर टिप्पणियां होती हैं और स्थितियां विवाद से मारपीट तक पहुंचती हैं उसके लिए अल्पसंख्यकों को खुलेआम गालियां दी जाती रहीं हैं। यह संस्कार कहां से और कैसे, किसने विकसित किए उसको रोकना भी ज़रूरी है।

यह खुशी की बात थी कि विश्व कप भारत में गुजरात के नामबदलू स्टेडियम में था। देश में मैच देखने की उमंग थी इतना शानदार आयोजन 10 गेमों की विजेता भारत यदि हार जाती है तो कोई तल्खी नहीं होगी चाहिए हम सिर्फ दो बार विश्व कप जीते हैं आस्ट्रेलिया पांच बार यह ट्राफी जीती चुका है। हम परदेश में ट्राफी जीते हैं कहीं किसी देश में हमारे कप्तान का ऐसा हाल नहीं किया गया जैसा आस्ट्रेलिया के साथ हमारे देश और मुखिया ने किया। दुनियां में इसका कैसा संदेश हमने दिया है वह शर्मनाक है।

इधर मोदी मीडिया ने जिस तरह मोदी के सर जीत का सेहरा बांधने की कोशिश की वह नाकाम हुई। इसे उन्होंने उनकी भविष्य की भारी जीत से भी जोड़ा तो क्या मोदी मीडिया यह भी लिखने का साहस जुटा पाएगी कि उनका भविष्य आगे अंधकारमय है। एक चाटुकार अख़बार ने इस मैच को धर्मयुद्ध कह डाला यदि जीत जाती तो क्या हिंदू अब सनातन धर्म की जय का परचम लहराया जाता? धर्म और नियम किसी खेल पर लागू नहीं होते इसलिए उस पर पैर रखना गंभीर बात नहीं। असली खेल तो सट्टाबाजार ने जीत लिया और हम गुबार देखते रहे गए। इस बात की जांच बनती है कि यहां कोई बड़ा खेल तो नहीं हुआ?

कुल जमा मामला ये है कि इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार होना चाहिए यदि वोटों की खातिर और व्यापार के लिए यह घिनौना राजनैतिक खेल चलता रहा तो निश्चित तौर पर यह मान लीजिए हम दुनिया में भारत को मिलने वाला सम्मान खो देंगे।

**-सुसंस्कृति परिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### 2 दिवसीय महाबोधी महोत्सव और सांची मेला 25 -26 को

**रायसेन,देशबन्धु।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सांची में दिनांक 25 तथा 26 नवम्बर को महाबोधि महोत्सव एवं सांची मेला का आयोजन किया जा रहा है। महाबोधि महोत्सव एवं सांची मेला का गरिमामय, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर अरविंद दुबे के आदेशानुसार एसडीएम रायसेन मुकेश सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही नायब तहसीलदा सांची और सीएमओ नगर पंचायत सांची को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। वर्तमान में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से मेला आयोजन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### मतदाता जागरूकता के लिए चलाए अभियान की अपर कलेक्टर ने की सराहना



**भेरून्दा/नसरुल्लागंज।** बुधनी विधानसभा क्षेत्र क्र.156 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए अभियान में स्वीप प्लान भी पीछे नहीं रहा है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र में रंगोली ,क्रिकेट प्रतियोगिता, मेहंदी, पोस्टर्स, दीवार लेखन एवं कई गतिविधियों से मतदाताओं को जागरूक किया गया वहीं शिक्षक मो. शफ़ीक खान एवं अल्ताफ़ ख़ान द्वारा हर सप्ताह एक निर्वाचन जागरूकता के रोचक वीडियो बनाए। सीहोर ज़िले एवं बुधनी विधान सभा क्षेत्र के कर्मचारियों ने जागरूकता के संदेश प्रेषित किए। वही शिक्षकों के द्वारा घर घर जाकर एवं स्कूल, कॉलेज के बच्चों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने में निर्वाचन शाखा की अहम भूमिका रही। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, एसडीओपी दीपक कपूर,जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अरजरिया, नगर परिषद सीएमओ प्रफुल्ल गठरे ,तहसीलदार सौरभ शर्मा ,नायब तहसीलदार संदीप गौर, नायब तहसीलदार युगविजय यादव,थाना प्रभारी गिरीश दुबे, शिक्षक मो. शफ़ीक ख़ान, उमेद सिंह धुर्वे ,अल्ताफ़ ख़ान एवं बाल कलाकारों को भी अपर कलेक्टर स्वीप प्लान प्रभारी अर्पित गुप्ता ने बधाई प्रेषित की है। वही भेरून्दा के पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कहा की आपके द्वारा मतदाताओं को मतदान जागरूकता में प्रचार प्रसार का जो कार्य किया गया वो अतुलनीय है। आप लोगों की वजह से पिछले चुनावी आँकड़ो की आपेक्षा इस बार प्रतिशत काफ़ी बढ़ा है। आपका योगदान सदैव बना रहे।

### सेमिनार का आयोजन आज

**मुरैना, देशबन्धु।** लघु उद्योग भारती द्वारा मुरैना में उद्योगों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के हित में लेबर एक्ट, पीएफ एवं ईएसआई पर एक निःशुल्क सेमिनार का आयोजन आज 22 नवंबर बुधवार को किया जा रहा है। आयोजित सेमिनार में ग्वालियर से वरिष्ठ सलाहकार शिव कुमार सिंघी मौजूद रहेंगे। यह सेमिनार शाम 4 बजे से 5.30 बजे तक अग्रसेन पार्क जीवाजी गंज स्थित टैली वर्ल्ड सेंटर पर आयोजित किया जा रहा है। लघु उद्योग भारती मुरैना के अध्यक्ष राहुल गर्ग ने इस विषय में जानकारी देते हुए कहा कि जो भी व्यापारी बंधु, उद्यमी बंधु, सीए, एडवोकेट, अकाउंट्स प्रोफेशनल आदि इस सेमिनार में भाग लेना चाहते है, वह समय से पूर्व पधारकर इस निःशुल्क कार्यशाला में भाग ले सकते हैं।

अन्नकूट उत्सव मनाया, नौलखी मंदिर में किया अभिषेक

# आंवला नवमी पर किया पूजन, नौलखी घाट पर लगा मेला



**गजंबासौदा, देशबन्धु।** नौलखी मंदिर वेतवा घाट पर मंगलवार को अक्षय नवमी पर महिलाओं ने आंवले के पेड़ का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर लगी घाट पर 1 दिन का मेला भी आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के खेल खिलौने और छोटे झूले लगाए गए थे। लोगों ने मेले का भी आनंद उठाया। मेले के साथ अन्नकूट उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने आंवला नवमी की पूजन अर्चन कर नौलखी मंदिर पर भगवान का अभिषेक करने के बाद मालपुआ प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के महंत राम मनोहर दास महाराज ने मंगलवार को प्रातः 11 आंवला वृक्ष का पूजन किया इसके बाद भगवान को मालपुए का भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू हुआ। पंडित संजय शर्मा ने बताया कि अक्षय नवमी को किया पुण्य अक्षय फल को देने वाला कहा गया है। पंडित रमाकांत उपाध्याय ने बताया कि आंवला नवमी के दिन प्रातकाल ही बेतवा घाट पर श्रद्धालु महिलाओं ने कार्तिक स्नान कर आंवला वृक्ष का पूजन किया।

### अवले के पेड़ की लगाई परिक्रमा

**सिलवानी, देशबन्धु।** कार्तिक मास की अक्षय नवमीं पर आंवले के पेड़ की परिक्रमा कर पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की गई। अक्षय नवमीं पर पूजा सुबह से ही शुरू हो गई थी। महिलाओं ने आंवले के पेड़ का पूजन कर भगवान विष्णु से अक्षय प्राप्त कर अपने परिवार की सुख की कामना कर आंवले के पेड़ के परिक्रमा की। पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि एकादशी पर विशिष्ट योग बन रहा है। इस बार प्रमोदिनी एकादशी आ रही है। इस पर तुलसी विवाह के साथ ही शुभ मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। इस बार चातुर्मास 5 महीने का होने के कारण अब विवाह मुहूर्त 23 नवंबर से शुरू हो जाएंगे तुलसी विवाह के साथ शादियां शुरू होंगी।



# स्वास्थ्य जांच कर किया 272 मरीजों का नेत्र परीक्षण



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु भजन सेंटर मिल रोड पर स्थित विजन सेंटर पर स्व. रामादेवी पिंगले की पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमें डॉक्टर राजकरण वर्मा ने लगभग 272 मरीज के नेत्र परीक्षण किया वहीं आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर रवि कुशवाह रवि कुशवाहा ने भी रक्त, शुगर एवं बीपी की जांच की।

प्रारंभ में मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन केअध्यक्ष डॉक्टर एके जैन एवं समाज सेवी दिलीप देसाई ने स्व. रणछोड़ दास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दोनों नेत्र चिकित्सकों का पुष्पहार से स्वागत किया। शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगल ने बताया कि शहर में 72 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। 37 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। 28 लोगों को चश्मे प्रदान किए गए वहीं 135 मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी गणेश राम रघुवंशी रितु जा रितु जालिया अपने विचार व्यक्त किया। डॉ एके जैन और दिलीप देसाई ने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा चलाए जा रहा है अंधत्व निवारण की दिशा में किया जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्व. रणछोड़ दास की कृपा से प्रतिवर्ष 40000 से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन मिशन किए जाते हैं जो की एक अनुकरणीय उदाहरण ह। इस अवसर पर समाजसेवी दिलीप देसाई, विजय अरोड़ा, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी भी उपस्थित थे।

# त्योंदा रोड से मीलरोड तक सड़क निर्माण कार्य शुरू



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** लंबे इंतजार के बाद अब त्योंदा रोड से माल गोदाम तक डामरीकृत सड़क का निर्माण शुरू हो गया है 800 मीटर की सड़क निर्माण में 33 लाख की लागत बताई जा रही है। इस सड़क के निर्माण से माल गोदाम तक जाने के लिए रास्ता सुगम हो जाएगा। मील रोड से रेलवे स्टेशन जाने के लिए भी रास्ता गया है लंबे समय से यहां के रहवासी इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। पहले जो सड़क बनी हुई थी उसमें जगह-जगह गड्ढे हो गए थे जिससे दोपहिया वाहन चालक परेशान हो जाती थी इसी मार्ग से लोडिंग वाहनों का निकलना भी लगा रहता था ट्रांसपोर्ट होने के कारण अक्सर यहां लोडिंग वाहन खाली भी होते थे। 24 घंटे चलने वाले मार्ग पर सड़क निर्माण होने से लोडिंग वाहनों को निकालने में भी आसानी होगी। करीब 15 साल बाद इस सड़क का निर्माण हो रहा है। नापा इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि करीब 33 लाख की लागत से सड़क का निर्माण हो रहा है 800 मीटर की सड़क रोलर सहित मशीनों की मदद से बनाई जा रही है लगभग 3 से 4 दिन में इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। तू लाइन सड़क मार्ग बन जाने से यहां दो भारी वाहनों को क्रॉसिंग में भी परेशानी नहीं होगी।

# आदिवासी क्षेत्र के स्कूल में रंग ला रही शिक्षक की पहल

- निजी स्कूल की तर्ज पर खुद के खर्चे से प्रधानाध्यपक मनाते है बच्चों का जन्मदिन





**सिलवानी, देशबन्धु।** सिलवानी का एकमात्र प्राथमिक शाला ककरूआ का स्कूल जहां पर बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद एवं आधुनिक युग के साथ जोड़ने का काम यहां के स्कूल के प्रधान अध्यापक हेमराज प्रजापति बखूबी निभा रहे। सिलवानी जनपद से 8 किलोमीटर की दूर ग्राम ककरूआ में प्राथमिक शाला जो की पूर्णतः आदिवासी क्षेत्र में है। जिसमें प्रधान अध्यापक हेमराज प्रजापति ने लगातार इस विद्यालय में सुविधाओं को लेकर शासन द्वारा दी गई राशि के साथ अपनी स्वयं की राशि को भी विद्यालय को नंबर वन पर लाने की पूरी कोशिश की। आज विद्यालय में चारों तरफ पौधों से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं दिखाई दे रही। जहां बच्चों के बीच उन्होंने पिछले दिनों दीपावली का त्यौहार भी मनाया। हर एक कर्मचारी चाहता है कि हम दीपावली का त्यौहार अपने घर परिवार के बीच में मनाए, लेकिन यह ऐसे शिक्षक है जिन्होंने अपना घर परिवार के बीच में तो दिवाली मनाई लेकिन दिन में दीपावली की पूरी तैयारी कर शाम को घर पर दीपक जलाकर बच्चों के बीच पहुंचकर विद्यालय में दीपावली मनाई। जिस प्रकार प्राइवेट स्कूलों में बच्चों के जन्म दिवस मनाए जाते हैं वैसे ही उन्होंने इस विद्यालय में बनाकर रखा हुआ है जहां पर प्रत्येक माह में किसी भी बच्चे का अगर जन्मदिन होता है तो उसको पूरे शाला परिवार के बीच स्वयं के निधि द्वारा उनका जन्मदिन मनाया जाता है । बच्चों में इस चीज को लेकर काफी उत्साह रहता है। जहां आज सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या दिन व प्रतिदिन कम होती जा रही है वहीं इस विद्यालय में दिन-ब-दिन संख्या बढ़ रही है। जिन बच्चों के विद्यालय में नाम भी नहीं है छोटे बच्चे हैं वह भी कहीं ना कहीं इस चीज को देखकर उपस्थित होते हैं और अभी से पढ़ने की लालसा दिखाई दे रही।

# मासिक कार्तिक स्नान के श्रद्धालुओं ने की नगर परिक्रमा

**सिरोंज, देशबन्धु।** त्रिपुरा शीतल सुंदरी वार्ड क्रमांक 17 में चल रहे मासिक कार्तिक स्नान के श्रद्धालुओं द्वारा प्रधान पुजारी पंडित नलिनी कांत शर्मा के नेतृत्व में आज नगर परिक्रमा की गई। नगर परिक्रमा मंगलवार सुबह 9 बजे से कार्तिक घाट शिव मंदिर से प्रारंभ हुई जो कार्तिक घाट मंदिर पर जाकर शाम को 5 बजे समाप्त हुई। कार्तिक मास में व्रत एवं दीपदान करने वाली महिलाओं द्वार कार्तिक घाट स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों की पूजा आरती कर परिक्रमा प्रारंभ की गई जो बाईपास मार्ग स्थित भैरव मंदिर अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर नीलकंठ मंदिर करीमाबाद में स्थित हनुमान मंदिर एवं बटईया हनुमान मंदिर लक्ष्मण मंदिर भोपाल रोड स्थित जटा शंकर मंदिर आदि मंदिरों में पूजा अर्चना कर वापस नगर परिक्रमा के श्रद्धालु कार्तिक घाट सिरोंज पहुंचे। विगत कई दिनों से कार्तिक महोत्सव चल रहा है। इस कार्तिक महोत्सव में प्रातः 4 बजे से महिला एवं पुरुष स्नान कर शीतला माता मंदिर एवं तुलसी पूजा आदि कर रही



है। शाम को कपिथ्य गंगा की आरती एवं दीपदान किया जा रहा है। इस दौरान धार्मिक कथाओं का आयोजन भी रखा गया है जिसे सुनने के लिए नगर से महिला एवं पुरुष एकत्रित हो रहे हैं। 25 नवंबर 2023 को हरिहर मिलन कार्यक्रम रखा गया है जो शीतला माता मंदिर से शाम के समय शुरू होगा और मदन मोहन सरकार के मंदिर में जाकर समाप्त होगा इस दिन कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी रखा गया है। धर्माचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा ने आंवला नवमी के महत्व पर प्रकाश डाला। पंडितजी ने बताया कि आंवला नवमी के दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी, इसी दिन सतयुग प्रारंभ हुआ। इसलिये इस दिन का विशेष महत्व है। इस दिन नगर परिक्रमा करने से पूरी पृथ्वी की परिक्रमा करने का पुण्य फल प्राप्त होता है। ये सनातन परंपरा अब लोग भूलते जा रहे है। सिरोंज में भी नगर परिक्रमा समाप्त हो चुकी थी। पूर्व संस्कृति मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की रुचि ओर प्रयासों से करीब 13 साल पहले से यह परंपरा सिरोंज में फिर से प्रारंभ हुई।

# स्टॉप डेम मरम्मत फर्जीवाड़े की ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दिघोनी की अंतर्गत आने वाले ग्राम खेजड़ा तिलक में क्षतिग्रस्त स्टॉप डेम की मरम्मत के नाम पर 740000 रुपए हड़पने की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। ग्रामीणों ने पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2022 में स्टॉप डेम मरम्मत के नाम पर 740000 रूपए सरपंच और सचिव द्वारा हड़प लिए गए। मौके पर काम कराये बगैर ही स्टॉप डेम के पास शिलापट्टीका लगा दी गई थी जिस पर कार्य का विवरण लिखा हुआ था। वर्ष 2022 में स्टाप डेम के मरम्मत का कार्य कराए जाने का उल्लेख है और उक्त कार्य कराने के लिए बकायदा फर्जी मस्टर भरे गए थे,जिन मजदूरों के नाम से मस्टर भरे गए उन लोगों का कहीं कोई गांव में आता-पता ही नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्टाप डेम आज भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ है शिकायत के बाद भी ,कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर देखने नहीं आया।

# एसडीएम खाद गोदामों का करें भौतिक सत्यापन: कलेक्टर

- प्रत्येक खाद विक्रय केन्द्र पर फ्लेक्स बैनर लगाकर दो-दो कैश काउंटर लगाए



**मुरैना, देशबन्धु।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिले के समस्त एसडीएम को निर्देश दिये है, कि यूरिया, डीएपी की कमी नहीं है। किसानों को बराबर खाद उपलब्ध करायें, इसके लिये प्रत्येक खाद विक्रय केन्द्र पर फ्लेक्स लगाकर दो-दो केश काउंटर चालू करायें। उन्होंने कहा कि एसडीएम यह भी सुनिश्चित करें कि अपने-अपने क्षेत्र में दो दिन में गोदाम की जांच करें, कहीं किसी व्यापारी ने स्टॉक तो नहीं किया। इसकी भी जानकारी अपने संज्ञान में ले। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एसडीएम अपने अधीनस्थ आरईओ, एसएडीओ से खाद वितरण की रिपोर्ट प्रतिदिन मंगाये, खाद की क्राइसिस नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि वितरण केन्द्रों पर खाद के स्टॉक रजिस्टर भी चेक करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले की सीमा से बाहर खाद न जायें, यह एसडीएम सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विशेषकर मुरैना, अम्बाह और सबलगढ़ एसडीएम को निर्देश दिये कि सबलगढ़ में अटारघाट, मुरैना में अल्लावेली और अम्बाह में बुधारा और उसेदघाट से खाद बाहर नहीं निकलना चाहिये। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में समस्त एसडीएम एवं कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों को दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, समस्त एसडीएम, कृषि विभाग के उपसंचालक, सहकारिता, नान, फूड विभाग से सभी अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय विज्ञान नाटिका में मुरैना तृतीय स्थान पर

**मुरैना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विज्ञान नाटिका उत्सव 2023-24 के अंतर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान नाटिका उत्सव का आयोजन 20 एवं 21 नवंबर 2023 को राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान एवं अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश में किया गया, जिसमें ग्वालियर जोन की ओर से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक मुरैना की टीम ने सहभागिता की और तृतीय स्थान प्राप्त किया। मार्गदर्शी शिक्षक एवं नाटिका के निदेशक डॉ राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह आयोजन नेहरू विज्ञान केंद्र मुंबई एवं राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशन में प्रायोजक मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग रहा इस राज्य स्तरीय आयोजन में 8 जोन की टीमों ने सहभागिता की।

### अंडर 15 गर्ल्स बीसीसीआई क्रिकेट टूर्नामेंट में गुजरात ने हैदराबाद को हराया

**मुरैना, देशबन्धु।** चंबल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के करुआ मैदान पर अंडर 15 गर्ल्स बीसीसीआई क्रिकेट टूर्नामेंट मे मंगलवार को मुकाबला हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन और गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के बीच हुआ और गुजरात में हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर जीत दर्ज की।

गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया द्य हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए, जवाब में गुजरात की टीम ने यह लक्ष्य 25.1 ओवर में 02 विकेट खोकर हासिल कर लिया और इस तरीके से गुजरात ने एक तरफा मुकाबले मे यह मैच 8 विकेट से जीत लिया। अगला मुकाबला गुरुवार को मुंबई और हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। गुजरात की तरफ से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली अक्षहा परमार को प्लेयर ऑफ द मैच चंबल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा प्रदान किया गया तथा हैदराबाद की तरफ से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली गोर को चंबल डिविजन क्रिकेट द्वारा प्राइज दिया गया। चंबल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा मैच रेफरी, मैच अंपायर और वीडियो एनालिसिस को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर चंबल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव तस्लीम खान, सुनील राजोरिया, सौरभ यादव, रवि अवस्थी, सनथ गुर्जर, राजेश तोमर, अतुल प्रताप, आशीष सविता, सचिन गुर्जर, आबिद अली, सलाम फारूखी, नफीस अफजल, सचिन राजोरिया, राहुल शर्मा, बृजराज शर्मा, एदल हर्षना, शहजाद खान, रफीक खान आदि सदस्य मौजूद थे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**पीएम का मतलब है पनौती....** बात करता है और दूसरा आपकी जेब काटकर ले जाता है। यही काम मोदी और अडानी कर रहे हैं। राजस्थान में सरकार की ओर से खोले गए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह, राजनाथ सिंह जैसे भाजपा नेताओं के बच्चे अच्छे इंग्लिश स्कूलों में पढ़ते हैं। लेकिन, वे आदिवासी बच्चों को नहीं पढ़ना देना चाहते। मैं चाहता हूं कि आदिवासी युवा अगर पायलट बनना चाहता है, अमेरिका जाना चाहता है तो ये उसका हक है। इसी उद्देश्य के साथ कांग्रेस काम कर रही है।

**पूर्व विधायक विजय मिश्रा की....** इस कार्यवाही में भदोही पुलिस के अलावा प्रयागराज पुलिस तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम लगाई गई थी। उन्होने बताया कि गैंग लीडर व चिन्हित माफिया के विरुद्ध हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के कुल 83 अभियोग पंजीकृत हैं।

## रेंजर ने वर्न आउल के बताए बच्चे, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

# खेत पर बनें मकान में मिले 8 उल्लुओं के बच्चे, सरगर्मियां तेज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सुबह गतारा गांव में उल्लू के बच्चों के मिलने से गावं में मजमा लग गया। उन्हें देखने तमाशबीनों का हुजूम उमड़ने लगा। करीब आठ उल्लू के बच्चों के यहां पाए जाने से चहल-पहल शुरू हो गई। यहां जानकारी वन मंडलाधिकारी तक पहुंचने के बाद यहां वन विभाग की टीम जा पहुंची और उल्लुओं के बच्चों की देखभाल शुरू कर दी। सुबह से ही गांव गतारा में उल्लुओं की चर्चा शुरू कर दी गई। इस संबन्ध में डीएफओ महेन्द्र प्रताप सिंह ने संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है। डीएफओ श्री सिंह ने बताया कि यह उल्लू सामान्य प्रजाति के हैं। जैसे नील गाय, गौरया आदि सामान्य रूप से सारे क्षेत्र में पाए जाते हैं, इसी तरह से यह उल्लू भी सर्वत्र पाए जाते हैं, इन्हें दुर्लभ प्रजाति का तो नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने बताया कि निवाड़ी के पास ग्राम गतारा गांव में एक किसान महेन्द्र रावत के खेत में सामान्य प्रजाति के उल्लू के आठ बच्चे मिले हैं। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे के लगभग उन्हें एक किसान के खेत में उल्लू के आठ बच्चे होने की सूचना दी गई। सूचना पर रेंजर सहित टीम को किसान के खेत पर भेजा गया। बताया गया है कि खेतों में पानी देने के लिए किसान ने जब कुएं के बगल में बना कमरा खोला, तो उसमें उल्लू के सफेद रंग के बच्चे दिखाई दिए। सामान्य पक्षियों की श्रेणी में आने वाले इन उल्लू के बच्चों की सूचना किसान ने वन विभाग के अधिकारियों को दी। गतारा गांव निवासी महेंद्र रावत ने बताया कि आज खेत में पानी देने के लिए कुएं के बगल में बना कमरा खोला तो कमरे में रखे पाइप के नीचे से अजीब तरह की आवाज आ रही थी।



पाइप हटाकर देखा तो अजीब तरह के सफेद रंग के पक्षी दिखाई दिए। पहले तो पक्षियों को देखकर वह डर गए। फिर उन्होंने उनका फोटो रिटायर्ड डीएफओ जगदीश प्रसाद रावत को भेजे। उन्होंने बताया कि यह विलुप्त पक्षियों की श्रेणी में शामिल उल्लू के बच्चे हैं। जिले में उल्लू लगभग विलुप्त होने की कगार पर हैं। ओरछा सेंचुरी और राजशाही महलों में ही कुछ उल्लू बचे हैं। महेंद्र रावत ने बताया कि उल्लू के बच्चों की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। डीएफओ श्री सिंह ने बताया कि बीड गार्ड की देखरेख में उल्लुओं के बच्चों को रखा गया है। यह बच्चे कुछ ही दिनों में उड़ने लायक हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल वन विभाग की टीम की देखरेख में इन उल्लुओं के बच्चों को रखा गया है।

### किसी ने बताया दुर्लभ, तो किसी ने सामान्य

प्रथ्वीपुर तहसील की ग्राम पंचायत मड़िया अंतर्गत आने वाले गतारा गांव में मिले आठ उल्लुओं के बच्चों के संबन्ध में चर्चाएं गर्म बनी रहीं। वन विभाग टीकमगढ़ में पदस्थ रेंजर संजय शर्मा ने बताया कि यह दुर्लभ प्रजाति के उल्लू के बच्चे हैं। शुरुआत में देखकर यह गिद्ध के बच्चे लग रहे थे, लेकिन गिद्ध कभी भी एक या दो से ज्यादा बच्चे नहीं देते। इसके बाद पक्षियों के बच्चों का वीडियो एक्सपर्ट के पास लखनऊ भेजा गया। एक्सपर्ट ने बताया कि यह दुर्लभ प्रजाति के वर्न आउल के बच्चे हैं। यह प्रजाति देश में विलुप्त होने की कगार पर है। उन्होंने बताया कि कि जल्द ही वन विभाग की टीम बच्चों को अपने संरक्षण में लेगी। वहीं इस संबन्ध में डीएफओ श्री सिंह ने बताया कि यह सामान्य प्रजाति के बच्चे हैं। यह देश में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। हालांकि इनकी देखभाल वन विभाग की टीम द्वारा कराई जा रही है।

## समय सीमा की बैठक आयोजित

# कलेक्टर ने उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की विस्तार से की समीक्षा, शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



**टीकमगढ, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेष शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने सर्वप्रथम उच्च न्यायालय में लंबित रिट पिटीशन, अवमानना के लंबित प्रकरणों एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्णीत प्रकरणों में दिये गये डायरेक्षन पर की गई कार्यवाही की विस्तार से प्रकरणवार समीक्षा की। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक टीएल में सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित न्यायालय में लंबित समस्त प्रकरणों की विस्तृत जानकारी सहित उपस्थित रहेंगे, जिसकी प्रकरणवार समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके पश्चात कलेक्टर श्री शर्मा ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित विभागों में लंबित प्रकरणों की एक-एक कर प्रकरणवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में कहा कि जिले में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिष्चित की जाये, किसानों को बौवनी हेतु किसी प्रकार की परेशानी न हो यह सभी संबंधित विभाग सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के साथ खाद एवं बीज की आपूर्ति की विस्तार से समीक्षा करते हुये इस वर्ष रबी सीजन में जिले में बीज एवं खाद की लगातार आपूर्ति की स्थिति को बनाये रखने हेतु निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन की मतगणना की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की एवं निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों को समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्वाचन कार्य से संबद्ध प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, जिला अधिकारियों और कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा की तथा सभी को शुभकामनायें दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी शासकीय कर्मियों की कड़ी मेहनत, लगन और निष्ठा की वजह से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीन कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दीपाश्री गुप्ता, एसडीएम बल्देवगढ़ विजय कुमार सेन, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर,एसई एमपीईबी आरके त्रिपाठी, ईई पीएचई जितेन्द्र मिश्रा, पीडब्ल्यूडी आईके शुक्ला, आरईएस श्रीमती नम्रता पंद्रे, सीएमएचओ डॉ. एसआर रोशन, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि अशोक कुमार शर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय आरके पस्तोर, पीओडूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बम्हौरीकलां गांव में कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत

**पलेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बम्होरीकलां में एक 80 वर्षीय वृद्ध की मौत सूखे कुएं में गिरने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव का लल्लूराम गुप्ता उम्र 80 वर्ष सूखे कुएं में गिर गया, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को प्राप्त होते ही स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना बम्होरीकलां पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा मौके का नक्शा पंचनामा इत्यादि तैयार किया गया, जिसके बाद शव को कुएं से बाहर निकाला गया और पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा लाया गया। उपस्थित डॉक्टर के द्वारा शव का पीएम किया गया, जिसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। फिलहाल बम्होरीकलां पुलिस के द्वारा मर्ग कायम करते हुए मामले की विवेचना की जा रही है।





### अक्षय नवमी पर महिलाओं ने की आंवला वृक्ष की परिक्रमा

**पलेरा, देशबन्धु।** संतान प्राप्ति व सुख सौभाग्य की प्राप्ति के लिए पलेरा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने मंगलवार को अक्षय नवमी का व्रत किया। महिलाओं ने आंवला पेड़ के नीचे पूजा-अर्चना की। इसके बाद पेड़ पर कच्चा दूध, हल्दी, रोली लगाया। पेड़ की परिक्रमा कर व्रती महिलाओं ने मौली भी बांधा। आंवला के पेड़ पर दूध चढ़ाया और सिंदूर, चंदन से तिलक कर श्रृंगार का सामान चढ़ाया। पंडित श्यामाचरण मिश्रा बताते हैं कि धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक मास के कृष्ण शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान विष्णु आंवला के पेड़ पर निवास करते हैं। इसलिए इस दिन महिलाएं आंवला वृक्ष की पूजा कर पुत्र रत्न प्राप्ति के साथ-साथ सुख-समृद्धि की प्रार्थना करती हैं।

# संधारित पंजियों के रखरखाव का किया अवलोकन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम के पदाधिकारीगण की बैठक का आयोजन किया गया। बताया गया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली निर्देशानुसार एवं हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अंतर्गत पदस्थ पदाधिकारीगण के साथ 21 नवम्बर 2023 को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष महोदय द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के पदाधिकारीगण ने माह सितम्बर 2023 एंव अक्टूबर 2023 में उनकी कार्यप्रणाली, जिला जेल टीकमगढ़ में किये गये भ्रमण संबंधी प्रतिवेदन, कार्यालय में संधारित पंजियों का रखरखाव का अवललोकन किया गया। तत्संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में लीगल एड डिफेंस काउंसिल को प्रभावी रूप से प्रतिरक्षा किऐ जाने के संबंध में अभियुक्त के हित को ध्यान रखते हुए उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उक्त योजना के संबंध में कहा कि यह सार्वजनिक रक्षा प्रणाली के अनुरूप हिरासत में अभियुक्तों और आपराधिक मामलों में प्रतिवादियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करेगा। यह जरूरतमंदों और संकट ग्रस्त व्यक्तियों के बचाव में आयेगा। उक्त बैठक में विनोद कुमार पाटीदार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, टीकमगढ़ साथ ही लीगल डिफेंस सिस्टम काउंसिल पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पत्रकार अफसर को बनाया रायल प्रेस क्लब का संभागीय अध्यक्ष



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो दसक से अधिक समय से उत्कृष्ट योगदान, प्रदर्शन एवं कार्य किये जाने एवं रॉयल प्रेस क्लब के प्रदेश महासचिव दिनेश शुक्ला की अनुशंसा पर रॉयल प्रेस क्लब का अफसर खान राज्य स्तरीय अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार को सागर संभाग का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। टीकमगढ़ निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्री अफसर सागर संभाग के सागर, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, निवाड़ी जिले के पत्रकारों के अधिकारों, कर्तव्यों का पालन, पत्रकारों की समस्याओं को सुलझाने के साथ राष्ट्रीय स्वाभिमान, आर्थिक स्वावलंबन, पत्रकार कल्याण, पत्रकारों को मीडिया शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अलावा भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पत्रकारों को लाभ दिलाने के लिये कार्य करेंगे । बताया गया है कि सागर संभाग के पत्रकारों को जनसंपर्क संचालनालय से अधिमान्यता, आर्थिक सहायता, सुरक्षा बीमा, आवास, पत्रकारों के लिये सम्मान निधि प्रदान कराने की दिशा में संबंधित पत्रकारों की मदद एवं सहयोग करेंगे। पत्रकार अफसर को रॉयल प्रेस क्लब का संभागीय अध्यक्ष बनाये जाने पर पत्रकारों ने खुशी जाहिर की है एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया है ।

# क्वालिटी सार्टिफिकेट पाने में कामयाब हुई बड़ागांव संस्था, दी बधाईयां



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बड़ागांव संस्था लक्ष्या कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय मूल्यांकन पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता प्रमाणन यानि की क्वालिटी सार्टिफिकेट प्राप्त करने में कामयाब रही है। बड़ागांव संस्था को मिली इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाईयां दी हैं। प्राप्तक करने में हुई सफल हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं बीएमओ बड़ागांव ने इस कामयाबी पर खुशी जाहिर की है। बताया गया है कि अपर सचिव एंव मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भारत सरकार दिल्ली के अर्द्वशासकीय पत्र क्रमांक डीओएन/ एनएचएसआरसी/ सीयू/ 23-24/ एमपी दिनांक 27 अक्टूबर 2023 के द्वारा संस्था बड़ागांव को इस मूल्यांकन में राष्ट्रीय स्तंर पर गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करने पर बधाई दी है। इस पत्र के साथ विस्तृत रूप से बिदुवार प्रसव कक्ष मूल्यांकन की जानकादी दी गई है। लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत गुणवत्ता प्रमाणन हेतु प्रदेश में बड़ागांव सीएचसी सहित मात्र सात संस्थाएं ही चयनित हुई है। मातृ मृत्यु और नवजात शिशु मृत्यु में कमी लाने, प्रसव के दौरान एवं प्रसव पश्चात स्वास्थ सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित लक्ष्य कार्यक्रम के नेशनल एसिस्मेंट हेतु राष्ट्र स्तरीय टीम ने 08 सितंबर 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का निर्धारित मापदंडों पर मूल्यांकन किया था। इस दल में डॉ एस गुरु प्रसाद एवं डॉ पी बलारमैथी शामिल थी। दल द्वारा संस्था के प्रसव कक्ष द्वारा दी जा रहीं सुविधाएं, उनके व्यवस्थापन और रिकॉर्ड संधारण का निर्धारित मापदंडों पर विस्तृत रूप से मूल्यांकन किया था। संस्था की इस सफ्लता पर डॉ शांतनु दीक्षित खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामु. स्वा. केन्द्र बड़ागांव द्वारा कलेक्टर जिला टीकमगढ़ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला टीकमगढ़ को उनके मार्गदर्शन एंव समर्थन हेतु संस्था द्वारा आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी अन्य संस्थाओं पर और बेहतर सुविधाऐं उपलब्ध कराते हुए राष्ट्रीय स्तर पर इसी प्रकार की सफलता प्रासे करने का विश्वास दिलाया। साथ ही परिणाम के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों एवं विकासखण्ड एंव संस्थास के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी मेहनत, समर्पण एंव सफ ल प्रयासों के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाऐं प्रकट की। ज्ञात हो कि विकासखण्ड बड़ागांव अंतर्गत संस्था सीएचसी बड़ागांव एंव उप स्वाय केन्द्र अमरपुर, नन्नी टेहरी एवं पठा भी भारत सरकार के एनक्यूएएस कार्यक्रम अंतर्गत राज्य स्तरीय मूल्यांकन में सफल होकर राष्ट्रीय मूल्यांकन हेतु चिन्हांकित एवं सीएसचसी बड़ागांव कायाकाल्प मूल्यांकन में भी राज्य स्तर पर पुरस्कृत हो चुकी है।

## पठेश्वरी धाम मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

# भगवान की भक्ति मोक्ष का सरलतम उपाय : रमा देवी





**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के पठेश्वरी धाम मंदिर प्रांगण पर श्रीमद्भागवत कथा का विशाल आयोजन चल रहा है। मंगलवार के दिन कथावाचक रमा आस्था देवी जी व्यास श्रीधाम वृंदावन के द्वारा परीक्षित की जन्म कथा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि जब राजा परीक्षित माता के गर्भ में थे, उसी समय अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग परीक्षित की मां उत्तरा के गर्भ पर किया। उन्होंने बताया कि उत्तरा ने भगवान श्री कृष्ण को पुकारा। भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तरा के गर्भ की स्वयं रक्षा की। जब परीक्षित पैदा हुआ, उसी समय वह उठकर बैठ गया। जो भी नवजात परीक्षित को उठाकर अपनी गोद में बैठाने का प्रयास करता, वह उदास होकर बैठ जाता। लेकिन जैसे ही श्री कृष्ण ने नवजात परीक्षित को अपनी गोद में उठाया, तो वह जोर जोर से हंसने लगा। विद्वानों ने नवजात शिशु का नाम परीक्षित रखा क्योंकि भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं ही इस बच्चे की मां के गर्भ में रक्षा की थी। राजा बनने पर परीक्षित ने कलयुग को दंड देने का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक रमा आस्था देवी जी व्यास श्री धाम वृंदावन ने कहा कि कलयुग राजा परीक्षित की शरणागति हो गया है इसलिए उसे क्षमा कर दीजिए। कलयुग ने अपने रहने के स्थान को मांगा तो राजा ने चार स्थान दिए। पहला स्थान जुआ क्रीड़ा, दूसरा शराब खाना, तीसरा वैश्य स्थल दिए। तीनों स्थानों के बारे में सुनकर कलयुग ने राजा परीक्षित से कोई अच्छा स्थान प्रदान करने को कहा। इस पर राजा द्वारा भूल से उनके मुख से चौथे स्थान का नाम सोना निकल गया। कुछ समय पश्चात राजा ने अपने पूर्वजों के मुकुटों को देखना चाहा तो एक मुकुट बहुत सुंदर था जिसको धर्मराज युधिष्ठिर ने छिपा कर रखा था। यह मुकुट जरासंध का था जिसको भीम छीन कर लाया था। राजा ने जैसे की उस सोने के मुकुट को पहना, कलयुग उसकी बुद्धि पर सवार हो गया। राजा जंगल में शिकार को खेलते हुए जंगल में स्थित शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचा और अपना स्वागत करवाने को कहा। ऋषि शमीक ध्यान में थे। राजा की बुद्धि बिगड़ गई और उसने एक मरे को सांप को ऋषि के गले में डाल दिया। ऋषि के पुत्र को जैसे ही इस बारे में पता चला उसने तुरंत राजा को श्राप दे दिया कि सर्पो का पूर्वज तदाक सर्प तुम्हें सातवें दिन मार डालेगा। ध्यान भंग होने के बाद वह राजा को घर जाकर मुकुट उतारने के बाद पश्चात्ताप की अग्नि को महसूस करते हुए रोने लगा। उन्होंने कहा कि पाप एक व्यक्ति के जीवन को सही मार्ग से गलत मार्ग की ओर मोड़ देता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे व पुण्य के कार्य करने चाहिए। मंगलवार के दिन आयोजित कथा के दौरान भगवान ध्रुव जी और लक्ष्मी नारायण श्री विष्णु भगवान की दिव्या झांकी ने दर्शकों का मनमोहा। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौके पर उपस्थित रहे।

मडियादो क्षेत्र के जंगल का मामला

# वन्य जीव सांभर का हुआ शिकार, 4 लोगों पर मामला दर्ज, 2 गिरफ्तार



**दमोह/हटा देशबन्धु।** पन्ना टाइगर रिजर्व में शामिल मडियादो वफ्रक्षेत्र के जंगल में वन्यजीव सांभर का शिकार किए जाने का मामला सामने आया है। वफ्रक्षेत्र प्रबंधन द्वारा विभाग द्वारा दो आरोपी तुलसी आदिवासी व रघुवीर आदिवासी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया है। वही अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी एच एच भार्गव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बीएस कोल, सीपी प्यासी, बीटगार्ड ऋषि पटेरिया, रामगोपाल अहिरवार, सुधाकर पांडेय, सूर्यकांत उइके सहित अन्य अमला शामिल रहा।

इस मामले में कार्यवाही करते हुए 4 लोगो पर वन्यजीव अधिनियम के अंतर्गत नामजद मामला दर्ज किया है जिसमे दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए वही अन्य दो आरोपी फरार है। जानकारी के अनुसार वफ्रक्षेत्र मडियादो की उदयपुरा बीट के पीएफ 39 में वन्य जीव के शिकार की सूचना वन विभाग को मिली थी। विभाग द्वारा दविश के दौरान वन्यजीव सांभर का मांस, सींग जब्त किए गए इसके अलावा मौका स्थल से वन्य जीव को काटने के लिए उपयोग में ली गई लकड़ी, हसिया टूट जब्त की गई। वही

### डॉग स्कावड पहुंची मडियादो

दो दिन पहले हुए वन्यजीव शिकार मामले में वनकर्मियों द्वारा दो आरोपियों सहित मांस, सींग जब्त किया गया। वही सोमवार को मडियादो पहुंची डॉग स्कॉड द्वारा शिकार स्थल और कलकुआ में जांच की गई। इस दौरान कलकुआ गांव के बंजाराटोला में एक घर तक डॉग पहुंचा। जिस घर तक डॉग पहुंचा वह वन्यजीव शिकार में शामिल व्यक्ति बताया जा रहा है। वही घर से मांस लगा लोहे का औजार जब्त किया गया।

# खेतों में तेंदुआ दिखने की सूचना पर वन अमला सक्रिय

### तलाशी पर नहीं लगा पता

**दमोह/हटा देशबन्धु।** वनपरिक्षेत्र के हिनोता अबदा क्षेत्र में खेतों में तेंदुआ होने की खवरें सोमवार देर रात सोसल मीडिया पर फैलने से दहशत का माहौल बन गया, सोशल मीडिया पर तेंदुए की फ़ेटो भी सामने आई, जिसके बाद किसानी सीजन को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता पूर्वक हटा वनपरिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी अमले के साथ क्षेत्र में पहुंचे और अबदा गांव में फ़ेटो दिखाते हुए तेंदुए की जानकारी पता कि लेकिन ग्रामीणों को तेंदुआ होने की कोई जानकारी नही थी, न ही वन अमले को तेंदुआ होने के कोई प्रमाण मिले, देर रात तक सर्चिंग के बाद ग्रामीणों को अलर्ट कर वन अमला वापिस लौटा। वहीं मंगलवार दिन में भी वन अमला क्षेत्र में तेंदुआ की आशंका पर सक्रिय रहा लेकिन कोई पुष्टि नहीं हो सकी है ना ही किसी ग्रामीण द्वारा देखे जाने की पुष्टि की है।

### इनका कहना है

हालांकि सोशल मीडिया में जो तेंदुआ की फोटो वायरल है वह प्रमाणिक नहीं लग रही है फि्र भी वन अमला लगातार क्षेत्र में चौकसी और निगरानी कर रहा है।

**ऋषि तिवारी, रेंजर वन विभाग**



# चित्रकूट के पास सड़क हादसा, 7 की मौत, आधा दर्जन घायल



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के अजयगढ तहसील अन्तर्गत ग्राम लांयचा निवासी पटेल परिवार प्रयागराज अस्थिया लेकर बुलेरो गाडी से गया हुआ था तथा अस्थि विसर्जन के बाद उक्त परिवार वापिस अजयगढ आ रहा था। उसी दौरान चित्रकूट के राष्ट्रीय राजमार्ग के बागरेही गांव के पास उत्तर प्रदेश की राज्य परिवहन बस एवं बोलेरो मे जोरदार भिडंत हो गई, जिसमे

### उप्र की राज्य परिवहन बस और बोलेरो में जोरदार भिडंत

महिलाओ सहित सात लोगो की मृत्यु हो गई तथा आधा दर्जन घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है। विवरण के अनुसार लांयचा ग्राम निवासी प्रताप पटेल अपने परिवार के साथ बुलेरो वाहन क्रमांक एम पी 35 सीए 3856 से वापिस आ रहे थे, उसी दौरान बस ने बुलेरो मे सीधी टक्कर मार दी। जिससे यह बडी दुर्घटना घटित हुई है। समाचार लिखे जाने तक पूरा विवरण अभी तक नही आया है लेकिन प्रताप पटेल तथा उनका पूरा परिवार माता-पिता, पत्नी, बहन, पुत्र-पुत्री काल के गाल में समा गये है। उक्त घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

# पुलिस प्रशासन ने जप्त विस्फोटक पदार्थों को कराया नष्ट

**दमोह देशबन्धु।** विगत दिवस मंगलवार को जिला मुख्यालय के अधिकांश क्षेत्रों में मकानों मे भूकंप जैसी क्षणिक हलचल महसूस की गयी तो लोग भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा की शंका करने लगे। फि्र वाद में पता चला कि पुलिस प्रशासन द्वारा विस्फोटक पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया है जिन्हें कुछ दिनों पहले पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकरणों में जप्त किया गया था। साथ ही ये जप्त विस्फोटक पदार्थ इतने शक्तिशाली थे कि कई किलोमीटर दूर तक धरती हिल गयी। इस संबंध मे जिला पुलिस बल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार दिनांक 21/11/2023 को थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 985/23 धारा 304 ताहिए 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 986/23 धारा 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में जप्तशुदा विस्फोटक पदार्थ जिसमें सल्फर 25 किलो, प्लास्टिक



एल्युमीनियम पाउडर 25 किलो, सोडियम 10 किलो, चाक पाऊडर 25 किलो, तथा अन्य पटाखों में प्रयुक्त सामग्री स्टीकर, सुतली, गोंद आदि सामग्री बीडीडीएस टीम जिला सागर के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी व उनकी टीम के द्वारा ग्राम बरपटी के तालाव के किनारे सुरक्षित स्थान पर कुशलतापूर्वक निष्क्रिय किया गया है। उक्त मौके की कार्यवाही पर उप पुलिस अधीक्षक अजाक सुदामा प्रसाद शुक्ला, तहसील मोहित जैन, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय सिंह राजपूत एवं थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक आनंद सिंह एवं स्टाफ उपस्थित रहा। ज्ञात हो कि दीपावली के पूर्व जिला मुख्यालय कोतवाली पुलिस थाना अंतर्गत बडे पुल के समीप अवैध सुतली बम बनाने की फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था जिसके बाद जिला पुलिस द्वारा अवैध सुतली बम बनाने के लिए इस्तेमाल की गयी विस्फोट सामग्री अवैध फैक्ट्री प्रतिष्ठान और उसके भाई के प्रतिष्ठात से जप्त की थी।

# नपा के कुएं मे मिली युवक की लाश

**पन्ना, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अन्तर्गत नगर पालिका कार्यालय परिसर में स्थित कुऐ में एक 32 वर्षीय युवक की लाश तैरते हुए पाई गई है। बताया जाता है कि उक्त युवक अपने घर से रविवार से लापता था। जिसे परिजनो द्वारा ढूंढा जा रहा था। लेकिन दो दिन तक उसका कोई पता नही चला। 21 नवम्बर को 11 बजे नगर पालिका के कर्मचारियो द्वारा नगर पालिका स्थित परिषर के कुए में शव तैराता हुआ दिखाई दिया। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पंहुचकर शव को कुए से बाहर निकाला। मृतक की पहचान धाम मोहल्ला निवासी कैलाश जाटव के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है तथा जांच की जा रही है, कि आखिर म्रतक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या करके कुए में फैंका गया है।



# जिले में लगातार बढ़ रहा डेंगू का कहर, स्वास्थ अमला बेपरवाह

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में लगातार डेंगू का कहर बढ रहा है तथा मच्छर जनित बीमारियो से हजारो लोग बीमार हो चुके है। दर्जनो लोग काल के गाल में समा गये है। उसके बावजूद स्वास्थ विभाग की स्थिति बदतर है। मच्छर के काटने के कारण लोगो को चिकनगुनिया, डेंगू की बीमारी होती है तथा प्लैटीलेट घटने के बाद बीमार व्यक्ति की मौत हो जाती है, पूरे जिले मे डेंगू ने पैर पसार लिये है पन्ना जिले में एक मात्र शासकीय चिकित्सालय है लेकिन उसमें भी प्लैट्स बढाने तथा प्लाजमा ट्रान्सप्लेट करने वाली मशीन न होने के कारण लोगो को सतना तथा जबलपुर जाना पड रहा है। यदि कोई गरीब है तो उसकी मौत होना निश्चित है। महीनो से डेंगू के मरीज चिहिंत हो रहे है, उसके बावजूद कोई इंतजाम प्रशासन तथा स्वास्थ विभाग द्वारा नही किये गये है। अभी बीते दिवस अमानगंज क्षेत्र की बीस वर्षीय बालिका प्रिंसू मिश्रा की मौत डेंगू के चलते हो गई। इसके पूर्व पन्ना जिला मुख्यालय में घाम मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्रो में भी डेंगू के चलते लोगो की मृत्यु हुई है। इस ओर प्रशासन को तथा स्वास्थ विभाग को प्लेट्स बदलने वाली मशीन की व्यवस्था कराने की दिशा में काम करना चाहिए। जिससे लोगो को उक्त कार्य के लिए अन्य शहरो में न जाना पडें।

## अज्ञात कारणों के चलते घर लगी आग

**दमोह देशबन्धु।** जिले के नोहटा में देर रात अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग लगने की घटना सामने आई है। जिसके चलते घर में रखी सामग्री जलकर खाक हो गई। वहीं घटना को देखते हुए मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा घटना की सूचना नोहटा थाना पुलिस एवं दमकल की टीम को दी है। जहां मौके पर पहुंची नोहटा पुलिस फायर ब्रिगेड एवं स्थानीय लोगों की मदद से भीषण आग पर काबू पाया गया। हालाकि घटना में आग लगने का कारण अज्ञात है। वही मकान मालिक इशाक खान ने बताया कि वह परिवार के साथ निचले हिस्से में थे। जिसमें समय मकान में आग लगी। पुलिस ने अज्ञात कारणों का पता लगाने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## घर में मिला 6 फीट लंबा सांप

**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया इलाके के वार्ड क्र. 2 कृष्णानगर में स्थित एक मकान में टाइल्स लगाने के लिए फर्श की खुदाई का काम चल रहा था। मजदूर खुदाई कर रहे थे, तभी जमीन में मिली बिल में सांप नजर आया। सांप देख कुछ मजदूर दौड़कर बाहर आ गए। लोगों को सांप होने की सूचना दी। जिसके बाद मकान के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने स्नेक कैचर अकील बाबा को सूचना दी। खबर मिलते ही स्नेक कैचर अकील मौके पर पहुंचे और सांप का रेस्क्यू शुरू किया। रेस्क्यू के दौरान सांप खुदी फर्श के मलबे के बीच बैठा था। जिसे रेस्क्यू कर पकड़ लिया गया। स्नेक कैचर अकील बाबा ने बताया कि रेस्क्यू में पकड़ाया सांप घोड़ापछाड़ प्रजाति का है। जिसकी लंबाई करीब 6 फीट है। सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया है। हालांकि खुदाई के समय औजार लगने से वह जख्मी हुआ है। सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा।



## महिला महासभा ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**दमोह देशबन्धु।** महिला महासभा द्वारा दीपावली मिलन समारोह कटाव में रखा गया। कटाव में गायत्री मंदिर में दीप यज्ञ बिरह भगवान के मंदिर के दर्शन के तत्पश्चात भोजन एवं मनोरंजक गेम खेले गये उसके बाद रूपनाथ जाकर भगवान भोले नाथ के दर्शन एवं दीप दान किया। कटाव घाट घूम प्रमुख रूप से प्रांतीय महामंत्री रमा अग्रवाल, सागर संभाग उपाध्यक्ष रीतू, जिला सचिव डॉ आभा, उप सचिव वंदना, अध्यक्ष सुमित्रा आदि रही। वही अग्रसत्ता परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भोपाल में विकास अग्रवाल का सम्मान होने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।



## महर्षि विद्या मंदिर में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न



दमोह देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में महर्षि विद्या मंदिर दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल रिचा त्रिपाठी, तुहीना मजुमदार, शिवानी पाराशर, प्राचार्य राजेश दीक्षित, शिक्षकगण एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि संविधान द्वारा प्रत्येक नागरिक को अधिकार प्रदान किये गये है, इसके साथ ही मौलिक कर्तव्य भी बताये गये है जिनका पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा 06 से 14 तक के प्रत्येक बच्चे को नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है, किन्तु यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि शिक्षा से वंचित बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाये। उन्होंने बताया बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवायें योजना, पॉक्सो अधिनियम, मोटरयान अधिनियम के आवश्यक प्रावधान, इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराध, विधिक सहायता हेल्पलाईन 15100 इत्यादि विषय पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य राजेश दीक्षित द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया।

## देवउठनी ग्यारस के दिन मनेगा खाटूश्याम का जन्मदिन

**सागर, देशबन्धु।** पहलवान बाबा मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष पं. रम्मू तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी देवउठनी ग्यारस के दिन बाबा खाटू श्याम के जन्मदिन के अवसर पर पहलवान बाबा मंदिर में स्थित खाटू श्याम मंदिर में विशेष फूलो से बंगला बनाया जावेगा।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केशरवानी ने बताया कि देवउठनी ग्यारस बाबा खाटू श्याम के जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष बाबा का श्रंगार कर फूल बंगला बनाया जाता है इस वर्ष कुछ विशेष करते हुए फूल बंगला के साथ-साथ गुब्बारे एवं दीपक जलाकर बाबा खाटू श्याम का जन्मदिन मनाया जावेगा। इस अवसर पर बाबा श्याम का प्रिय श्यामा गाय के कच्चे दूध से अभिषेक कर भोग लगाया जावेगा इसके साथ ही मंदिर प्रांगण में आस्था गुप्ता एवं आकांक्षा साहू द्वारा फूलों की रंगोली से सजाया जावेगा। इस दौरान राधा रमन संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी भी जावेगी। इसके पश्चात साबूदाने की खीर प्रसादी का वितरण होगा। पहलवान बाबा मंदिर के पुजारी पं. नरेंद्र तिवारी ने शहरवासियो से आग्रह करते हुए कहा कि हारे का सहारा बाबा श्री श्याम हमारा के जन्मदिन के अवसर पर पहलवान बाबा मंदिर पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करें।

## दिल्ली में गणेश राय सम्मानित हुए



**दमोह देशबन्धु।** ईशान म्यूज़िक कॉलेज बी 19 नोयडा में पी.के.मिश्र आई.ए .एस.की अध्यक्षता में जनप्रिय फ़िल्म अभिनेता राजा बुंदेला के मुख्य आतिथ्य और हरदौल वंशज राजा राहुल देव जू ,रानी परिणीता सिंह राजे दतिया ,आर के तिवारी आई.ए. एस के विशिष्ट आतिथ्य में ,बीरांगना लक्ष्मीबाई की एक सौ पचान्नबी जयंती पर ष्अपनो बुन्देलखण्डष् के बैनर तले आदिश जैन ,के.के.दीक्षित,महेश सक्सेना के संयोजन में,भव्य बुन्देली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. अरबिन्द श्रीवास्तव, रजनीश दुबे ओरछा, रमेश कुमार गंगेले छतरपुर, मुहम्मद परवेज़ दिल्ली,मुहम्मद रफीकनीर, संगीत आचार्य जगनिक तिवारी, संतोष कुमार पटैरया महोवा और इमलाई-सलैया-दमोह से डॉ गणेश राय ने शिरक़त की सभी ने एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया डॉ. गणेश राय की कविताओं को बार-बार सुना गया तुम ई में नें परोष् और धुआं में लठ्ठ्रचना ने तो जैसे मंच ही लूट लिया। अंत में रचनाकारों को शाल, श्रीफ्ल, प्रशस्ति पत्र,भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें देश-प्रदेश-के साथ - साथ शहर के वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार,साहित्यकार, रंगकर्मियों आदि की उपस्थिति रही अंत में आभार उघोगपति महेश सक्सेना ने माना।

# मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग में नहीं कृष्ण भक्ति में बिताएं: किशोरी वैष्णवी

**दमोह, देशबन्धु।** कथा वाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है. जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है. मंगलवार को कथा में बताया कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं. कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए. कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी. मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग में नहीं कृष्णभक्ति में बिताएं. मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है. लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है.उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है. मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है. उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में क्रष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है.भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण करती है. भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं. जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है, भागवत उसका सदैव कल्याण करती है. उन्होंने कहा कि बिना जाति और बिना मजहब देखे इनसे आप जो मांगे यह आपको वो मनवांछित फ्ल देती है और अगर कोई कुछ न मांगे तो उसे मोक्ष पर्यंत तक की यात्रा कराती है. मुख्य यजमान महिला मंडल के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। डाक्टर तरुण श्रीवास्तव एवम सुरेखा कालोनी की महिला मंडल ने सभी से कथा श्रवण करने की अपील की है।



# बस स्टेण्डों के पास हॉकर्स जोन भी तैयार करें: कलेक्टर

## भोपाल रोड एवं न्यू आरटीओ दोनों बस स्टेण्ड निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने निगमायुक्त के साथ लिया जायजा



**सागर, देशबन्धु।** सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नवनिर्मित भोपाल रोड बस स्टेण्ड एवं निर्माणाधीन न्यू आरटीओ बस स्टेण्ड दोनों पर स्ट्रीट वेंडर्स एवं छोटे दुकानदारों हेतु अलग से हॉकर्स जोन तैयार करें ताकि यहां सुव्यवस्थित दुकाने लग सकें और छोटे व्यापारियों के द्वारा यहां वहां ठेले आदि लगाकर अव्यवस्था फैलाने से रोका जा सके। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने अधिकारियों को दिए। वे निगमायुक्त, सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ स्मार्ट सिटी चंद्रशेखर शुक्ला के साथ स्मार्ट सिटी के प्रगतिरत कार्यों का स्थल निरीक्षण कर जायजा लेने पहुंचे थे। उन्होंने नवनिर्मित बस स्टेण्ड बिल्डिंग में भूतल पर महिलाओं, पुरुषों, दिव्यांग एवं वृद्धजन हेतु दोनों ओर अलग-अलग बनाएं गए टिकिट काउंटर, स्वच्छ टॉयलेट व्यवस्था, पेयजल सुविधा, वेटिंग लॉबी, 8 बड़ी एवं 4 छोटी दुकाने, 19 बसों के एक साथ खड़े होने हेतु प्लेटफार्म आदि सुविधाओं को देखा। उन्होंने कहा की दिव्यांगजन एवं वृद्धजन हेतु बनाएं गए रेम्प, टॉयलेट व टिकिट काउंटर आदि सुविधाओं से दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को बहुत लाभ मिलेगा और उनका सफर आसान बनाने में यह महत्वपूर्ण रहेगा। साथ ही बस स्टेण्ड परिसर में निर्धारित स्थल पर बनाएं चार पहिया एवं दो पहिया वाहन पार्किंग, ऑटो पार्किंग सहित अन्य बसों के खड़े होने हेतु निर्मित स्थल आदि को देखा। उन्होंने कहा की इसके साथ ही यहां सिटी बसों हेतु अलग से पार्किंग प्लेटफार्म की व्यवस्था बनाएं ताकि नागरिकों को शहर में बेहतर कनेक्टिविटी के साथ सस्ते सार्वजानिक परिवहन के रूप में सुव्यवस्थित आवागमन हेतु सिटी बसें आसानी से मिल सकें। उन्होंने बस स्टेण्ड के प्रथम तल पर निर्मित पुरुष शयन कक्ष, फैमिली विश्राम कक्ष, महिला शयन कक्ष सहित डॉर्मेटरी आदि में दी गई सुविधाओं का निरीक्षण किया और यहां सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए बनाए गए पुलिस स्टेशन हॉल आदि निर्माण की सराहना की। उन्होंने न्यू आरटीओ रोड पर निर्माणाधीन बस स्टेण्ड का निरीक्षण किया और ओल्ड ऐज होम का निरीक्षण कर उन्होंने कहा की यहां लगे प्रकृतिक पेड़ों के बीच ऐसा नेचुरल पाथवे तैयार करें की यहां रहने वाले बुजुर्गो को प्राकृतिक वातावरण में सुबह शाम घूमने के साथ उत्तम स्वास्थ्य लाभ मिल सकें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री इले. अभिषेक राजपूत, सहा. यंत्री अमिता बघेल सहित अन्य इंजीनियर, पीएमसी टीम लीडर राजेंद्र शुक्ला एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नव निर्मित बस स्टेण्डों के बेहतर संचालन संधारण के लिए कलेक्टर ने निगमायुक्त के साथ ली बस ऑपरेटरों की बैठक

### भोपाल रोड एवं न्यू आरटीओ रोड बस स्टेण्डों पर होगा वर्तमान बस स्टेण्ड का विस्थापन




कलेक्टर सह अध्यक्ष सागर स्मार्ट सिटी दीपक आर्य ने नवनिर्मित बस स्टेण्डों के बेहतर संचालन संधारण हेतु निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ स्मार्ट सिटी चंद्र शेखर शुक्ला के साथ बस ऑपरेटरों की बैठक ली। उन्होंने कहा की शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए और सागर को बसों के हेवी यातायात और इनके कारण लगने वाले ट्रेफिक जाम से मुक्त करने हेतु शहर से बाहर सर्वसुविधायुक्त बस स्टेण्डों का भोपाल रोड एवं न्यू आरटीओ रोड पर निर्माण किया जा रहा है। जहां सभी आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की सागर शहर के वर्तमान मुख्य बस स्टेण्ड डॉ. हरीसिंह गौर बस स्टेण्ड एवं प्राइवेट बस स्टेण्ड पर बस आपरेटरों हेतु उपलब्ध ऑफिस दुकानों का सर्वे कराएं ताकि उन्हें नवनिर्मित बस स्टेण्ड पर व्यवस्थित ऑफिस स्थल नियम एवं शर्तानुसार उपलब्ध कराये जा सकें। दोनों बस स्टेण्डों के बेहतर संचालन संधारण व्यवस्था बनाने हेतु आप बस ऑपरेटरों के साथ यह बैठक आयोजित की गई है। क्योंकि इसके प्रमुख उपयोगकर्ता आप ही हैं। बसों का संचालन और यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य आप को ही करना है। बस आपरेटरों ने इनके संचालन हेतु एक समिति गठित करने का सुझाव दिया जिसमें अध्यक्ष कलेक्टर एवं सचिव निगमायुक्त होंगे साथ ही अन्य सदस्यों के रूप में आरटीओ एवं बस ऑपरेटर एसोसिएशन के कुछ सदस्य रहेंगे। इसके साथ ही बस ऑपरेटर एसोसिऐशन ने वर्तमान बस स्टेण्ड पर बने बस ऑपरेटर ऑफिस दुकानों हेतु नए बस स्टेण्डों पर विस्थापित करने के लिए स्थल उपलब्ध कराने, मैकेनिक शॉप आदि हेतु कहा इस हेतु कलेक्टर ने आश्वासन दिया। इस दौरान संतोष पाण्डेय, अतुल दुबे, मनीष दुबे, अशोक श्रीवास्तव, हनुमत सिंह, सलीम कुरैशी, सविर अली, तारिक कुरैशी, जयकुमार जैन, सुनील कुमार, आशुतोष पाण्डेय आदि सहित बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चोपड़ा धाम में पहुंचकर निधी जैन ने आंवली नवमी पर पूजन किया



**सागर, देशबन्धु।** सागर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी निधी जैन ने भक्तो के साथ मिलकर आंवला वृक्ष की 108 परिक्रमा किये, तिली वार्ड चोपड़ा धाम पर आंवला नमे के मेले में सभी कार्तिक नहाने वाली मात्र शक्तियों एवं वह आए सभी दर्शनार्थियों को निधी जैन के साथ पूर्व विधायक सुनील जैन ने प्रसादी और सिंगार बाटकर सभी को शुभकामनाएं देकर आभार माना, इस अवसर पर कार्तिक स्नान करने वाली सभी माता बहनो के साथ निधी जैन के आवला नमे का पूजन कर आवले के व्रक्ष की 108 परिक्रमा की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलेश बघेल, संभागीय प्रवकता अभिषेक गौर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मीना पवन पटेल, अमित चौरसिया, रत्नेश जाटव, कामिनी पटेल आदि कांग्रेस जनो ने आवली नवमी की सभी भक्तो को शुभकामनाए दी।

## निगमायुक्त ने डेयरी विस्थापन कार्य की समीक्षा बैठक ली

### पशुओं को शहर में वापिस लाकर पुनः डेयरी संचालित करने वालो एवं डेयरी विस्थापन कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर कराने के निर्देश



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने डेयरी विस्थापन कार्य की समीक्षा बैठक ली जिसमें डेयरी विस्थापन योजना के अंतर्गत शहर में शेष बची डेयरियों तथा जिन डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित होने के बाद पशु मालिकों द्वारा पुनः अपने जानवरों को वापिस लाकर डेयरियों को संचालित किया जा रहा है, उनके विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही कर उनकी डेयरियों को शहर से बाहर करने के निर्देश दिये। डेयरी विस्थापन कार्यवाही के दौरान जो डेयरी मालिक, कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न करें उनके विरुद्ध पुलिस में एफआईआर कराने की कार्यवाही की जाये। बैठक में निगमायुक्त ने निर्देश दिए की जिन डेयरी मालिकों ने अपनी डेयरी को विस्थापन योजना के तहत डेयरी शिफ्ट करने हेतु रतौना हफसिली में प्लाट आवंटित किये गये हैं परंतु उन्होंने अभी तक अपनी डेयरी को शिफ्ट नहीं किया है अथवा शहर के बाहर शिफ्ट नहीं की है तथा अपने जानवर पुनः वापिस लाकर शहर में व्यवसाय करने लगे है ऐसे डेयरी मालकों को वार्ड कर संग्राहक और सफई दरोगा अपने-अपने वार्ड में जाकर चिन्हित कर सूची प्रस्तुत करें तत्पश्चात उनकी डेयरियों को शहर से बाहर करने की कार्यवाही आज से प्रारंभ की जाए और विस्थापन कार्यवाही में सहयोग हेतु अन्य विभागों के कर्मचारियों को दल में सम्मिलित किया जाये। प्रत्येक दल का प्रभारी उपयंत्री होंगे, इसके अलावा प्रत्येक दल के साथ आवश्यकता अनुसार पुलिस बल भी साथ रहेगा ताकि अतिशीघ्र शहर से समस्त डेयरियां बाहर की जा सकें। उन्होंने कहा कि जिन डेयरी मालिको को निगम द्वारा डेयरी विस्थापन योजना के तहत रतोना हफसिली में प्लाट आवंटित किये गये है उसके बावजूद भी उन्होने अभी तक वहां निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है ऐसे डेयरी मालिकों की भी सूची तैयार की जाए और उन्हें हिदायत दी जाये कि वह शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कर अपनी-अपनी डेयरियां शिफ्ट कर लें अन्यथा उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगमायुक्त ने निर्देश दिये कि डेयरी विस्थापन की प्रतिदिन की कार्यवाही का प्रगति प्रतिवेदन समक्ष में प्रस्तुत करें, कार्य में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के विरूद्व सख्त कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरू, सहायक यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा, राजकुमार साहू, संयम चतुर्वेदी, सृष्टि चौबे, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, अतिक्रमण प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## शांति साधनों में नहीं साधना में है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** यह जीवन धन दौलत शोहरत बटोरने के लिए नहीं मिला है, इस जीवन को सुधारने और संभालने का लक्ष्य बनाओ अन्यथा सब धरा रह जाएगा यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में भक्तांबर विधान के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही मुनि श्री ने कहा जिसका यह जीवन खराब है अगला जीवन कहां से अच्छा होगा। अरे पहले यह जीवन सुधारो, जिसका यह जीवन सुधरता है उसका ही परभव भी सुधर सकता है। साधर्मियों से प्रेम करो, आपस में तेरी मेरी बात करके लड़ाना नहीं। जिसको प्रेम करते हो उसके सारे दुर्गुण भूल जाते हो और जिसको पसंद नहीं करते उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा वा चर्चा नहीं करते बल्कि दोष दिखते हैं। गुण और दोष तुम्हारी दृष्टि में है, अपने नजरिए को अच्छा बनाओ तो तुम्हें सब नजारा अच्छा दिखेगा। झूठ बोलने से विश्वास समाप्त हो जाता है परिवार में कलह और हर जगह निंदा होती है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा शक्ति तो भीतर छिपी होती है पर मनुष्य बाहर ढूंढ रहा है। शांत रहना कठिन है और संत बनना सरल है। संतुष्टि व संतोष से जीवन में शांति आती है। अशांति में रहने वाले आकांक्षा को हटा दें तो स्वामेव शांति आ जाएगी। जीते जी शांत हो जाओ, नहीं तो मरने के बाद लोग कहेंगे शांत हो गया। लिफ्ट, गिफ्ट, शांति विधान, शांति धारा करने से शांति नहीं आती, अपने भीतर शिफ्ट हो जाओ, शांति की अमृत गंगा प्रवाहित हो जाएगी।

## महिलाओं ने आंवला वृक्ष का पूजन कर परिक्रमा की



**राहतगढ़, देशबन्धु।** अक्षय नवमी का पर्व मंगलवार को धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं आंवला वृक्ष का पूजन करने वन विभाग, विद्युत मंडल, स्वामी कालकानंद जी समाधि स्थल आदि स्थानों पर लगे आंवले पेड़ का पूजन करने पहुंची। महिलाओं ने आंवले के वृक्ष का पूजन कर दोषों से मुक्ति, परिवार में खुशहाली, आरोग्य, पुत्र रत्न व सुख समृद्धि की प्राप्ति के लिए परिक्रमा की। घर से बनाकर ले जाए गए भोजन को मंदिरों व बगीचों में लगे आंवले के वृक्षों की छांव में नीचे बैठकर किया। इस दौरान भजन कीर्तन किए गए।

## बाइकों की भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी घायल

**बंडा, देशबन्धु।** बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम गूगरा के पास तेज रफ्तार दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार पति की मौत हो गई। वहीं पत्नी गंभीर घायल हुई है। घटना देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बलीराम अहिरवार निवासी तारपोह अपनी पत्नी भुवानी बाई अहिरवार के साथ बाइक पर सवार होकर गांव से सागर जा रहे थे। तभी गूगरा के पास स्कूल वाली मोड़ पर सामने से आ रही बाइक क्र. एमपी 15 एनए 7304 से भिड़ंत हो गई। बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में बलीराम और भुवानी बाई गंभीर घायल हुई। घटनाक्रम देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायलों को बंडा अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने चेकअप करने के बाद बलीराम को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल भुवानी बाई का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फरियादी भरत अहिरवार निवासी ग्राम तारपोह ने बताया कि बुआ के बेटे बलीराम अहिरवार की बेटी की शादी सागर के मकरोनिया में हुई है। सोमवार को भाई बलीराम और भाभी भुवानी बाई बाइक से बेटी से मिलने के लिए मकरोनिया जा रहे थे, तभी गूगरा के पास बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में गंभीर चोटे लगने से बलीराम की मौत हो गई। मामले में बंडा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**खुरई, देशबन्धु।** देहात थाना क्षेत्र के बलऊ गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक हल्के उर्फ विश्वनाथ पिता कुंवर सिंह राजपूत 32 निवासी बलऊ ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में तौलिये से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए खुरई सिविल अस्पताल भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिलाओं ने किया सामूहिक तुलसी पूजन कार्तिक गीतों का किया गायन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** मकरोनिया के रामलला वार्ड गायत्री नगर में गोपा अष्टमी पर्व पर वार्ड की महिलाओं ने सामूहिक तुलसी और शालिगराम भगवान का पूजन किया। इस दौरान कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने कार्तिक गीतों का गायन कर जमकर नृत्य किया इस अवसर पर कतकारियों को सौभाग्य श्रृंगार वितरित किया गया बाद में सभी महिलाओं को प्रसादी वितरित की गई कार्यक्रम की आयोजक सुधा शर्मा ने बताया की गायत्री नगर में प्रतिवर्ष हम महिलाओं द्वारा तुलसी विवाह का आयोजन धूम धाम से किया जाता है। आज हल्दी और तेल की रशमें निभाई जा रही हो। कार्तिक एकादशी पर एक बृहद आयोजन कर तुलसी विवाह होगा। प्रतिवर्ष हम कतकारी महिलायें तीर्थ दर्शन को जाते है विगत वर्ष काशी विश्वनाथ, प्रयागराज में गंगा स्नान करने के बाद अयोध्या, चित्रकूट, मैहर जैसे स्थानों पर जाकर सामूहिक रूप से दर्शन किये थे। इस बार हम सब वृन्दावन धाम जायेंगे। हम लोग घर परिवार और मुहल्ले की शांति समृद्धि सुख वैभव यश के लिए पूरे माह कार्तिक स्नान करते है। तुलसी पूजन में सरला पांडे, रचना ठाकुर, मुन्नी साहू, किरण रजक, सरस्वती राय, सविता दुबे, राजकुमारी मिश्रा, राधा राठौर, अनीता कटारे, भारती चौबे सहित बडी संख्या में कतकारियां उपस्थित रही।

## रसायनशास्त्र के शोधार्थी हेमलता दांगी को मिली पीएचडी की उपाधि



**सागर, देशबन्धु।** ग्राम बेलई तहसील बीना निवासी हेमलता दांगी ने रसायन विभाग डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री उपाधि प्राप्त की। हेमलता दांगी ने शोगाणुरोधी गतिविधि वाले कुछ नवीन हेटरोसायक्लिक यौगिकों का संश्लेषण और लक्षण वर्णन विषय पर शोध कार्य पर्यवेक्षक प्रो. रत्नेश दास के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। हेमलता दांगी ने इस विश्वविद्यालय से 2018 में स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर के दौरान जून 2018 में सीएसआईआर जेआरएफ नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 2023 में डिग्री उपाधि प्राप्त की। इन्होंने अपने शोध कार्य जैसे पांच शोध पत्र, दो पुस्तक अध्याय को अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित किया और दो पेटेंट, पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, पर्यवेक्षक, शिक्षक, परिजन, सहपाठियों एवं मित्रों ने बधाइयां दी।

## कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल की गाड़ियों में तोड़फोड़ मामले ने पकड़ा तूल



### कांग्रेस और कुर्मी समाज ने कहा प्रदेश स्तर पर करेंगे आंदोलन

**जैसीनगर, देशबन्धु।** सागर जिले की रहली विधानसभा के गढ़ाकोटा में हुए कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल पर हमले का विरोध देखा जा रहा है। मंगलवार दोपहर जैसीनगर ब्लॉक कांग्रेस और कुर्मी समाज के संयुक्त तत्वाधान में जैसीनगर तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रशासन के नाम ज्ञापन सोपा गया है जिसमें गढ़ाकोटा में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल व उनके समर्थको की गाड़ियों में तोड़फोड़ व हमले की कड़ी निंदा की है साथ ही आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर उचित कार्रवाई नहीं की जाती तो पूरे प्रदेश में कांग्रेस और कुर्मी समाज बड़ा आंदोलन करेगी।

## मतगणना अभिकर्ताओं के अभिज्ञान पत्र संबंधी निर्देश जारी

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 जिला सागर अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना हेतु विधानसभावार प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा 16-16 गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति की जानी है। मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति के संबंध में निर्धारित प्रारूप फार्म नम्बर 18 को भरकर नियुक्त गणना अभिकर्ता की पूर्ण जानकारी भरकर एवं संबंधित की नवीनतम स्पष्ट दो फोटोग्राफ फोटो के पीछे संबंधित का नाम अंकित करें एवं आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति सहित दो प्रतियों में फार्म नंबर.18 में अभ्यार्थियों से 30 नबम्बर को सायं 5 बजे तक अनिवार्यत: प्राप्त कर निर्धारित प्रारूप पर अभिज्ञान पत्र जारी करते हुये कृत कार्यवाही से जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## गौर उत्सव सह वार्षिकत्सव कार्यक्रम आज

**सागर, देशबन्धु।** केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4 सागर में गौर उत्सव सह वार्षिकत्सव कार्यक्रम आज 22 नवबंर को स्वर्ण जंयती सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. नीलिमा गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार सिंह होगें।

## गौर उत्सव 2023: टी.20 क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन एवं संबद्ध महाविद्यालय एकादश के बीच होगा फाइनल मुकाबला



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में गौर उत्सव 2023 के अन्तर्गत क्रिकेट सेमीफाइनल मैच, विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों एवं महिला क्लब के सदस्यों हेतु मनोरंजक खेल, महिला खेल-कूद प्रतियोगिता अब्दुल गनी खान स्टेडियम में आयोजित की गई। सम्बद्ध महाविद्यालय एवं पत्रकार एकादश के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। जो काफी रोचक रहा। पूरा स्टेडियम परिसर तालियों से गूंज उठा। पत्रकार एकादश ने पहले बैटिंग करने का फैसला करते हुए 6 विकेट खोकर पत्रकार एकादश ने सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश को 129 रनों का दिया। सर्वाधिक 53 रन दिनेश ने एवं हर्षित दीक्षित ने 28 रनों का योगदान दिया। महाविद्यालय से गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट सतीश सूर्यवंशी एवं राघवेंद्र, शेलू, सिद्धू, संदीप ने 1-1 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सम्बद्ध महाविद्यालय एकादश ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 19वें ओवर में 9 विकेट खोकर 130 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया और फाइनल में जगह बनाई। इस मैच में समीर ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। पत्रकार की ओर सर्वाधिक 3 विकेट दिनेश ने एवं अतुल ने 2 विकेट ने लिये। दूसरा सेमीफाइनल जिला प्रशासन और एडवोकेट एकादश के बीच में खेला गया। जिला प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहली पारी में टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 147 रन का लक्ष्य दिया। टीम के हेमंत ने 70 रनों की नाबाद पारी खेली। एडवोकेट एकादश के गेंदबाज मनोज पांडेय ने लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट चटकाए। इस मैच में जिला प्रशासन की टीम ने 17 रनों से जीत हासिल करते हुए फाइनल में पहुंच गई है। पूरे मैच के दौरान दर्शकों की टकटकी स्टेडियम के खिलाड़ियों की ओर लगी रही। मैच में अंपायर महेंद्र कुमार, विनय शुक्ला स्कोरर नरेंद्र उइके, अमन दुबे, नितिन, मोनेन्द्र रहे।

### म्यूजिकल चेयर और रस्साकशी का हुआ रोमांचक मुकाबला

अब्दुल गनी खान स्टेडियम में मनोरंजक खेल एवं महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिला क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत म्यूजिकल चेयर व रस्साकशी खेल का आयोजन किया गया। दोनों ही खेल, मनोरंजक व रोमांचकारी रहे। म्यूजिकल चेयर में महिला क्लब की सदस्या सरोज को तृतीय स्थान, अनीता सोनी को द्वितीय स्थान व वेनुका को प्रथम स्थान मिला। रस्सा कसी प्रतियोगिता विवि महिला क्लब, विवि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की मिश्रित टीम के बीच हुई जो तीन चरणों में संपन्न हुआ। पहला चरण टीम बी ने जीता। दूसरे चरण में टीम, विजयी रही। फाइनल राउंड में टीम बी ने जीत हासिल की। विजेता टीम में अनीता सोनी, स्वेता जैन, प्रो. अस्मिता गजभिये, डॉ. सुमन पटेल, ओमिका सिंह, कांति, डॉ. रेखा गर्ग, दीप्ति बंसल थीं। अंपायर डॉ. सुमन पटेल, अनवर खान थे। सभी खेलों के दौरान कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. विवेक बी साठे, समन्वयक डॉ. सुमन पटेल, चिकत्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन व बीटी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस के प्रधानाचार्य डॉ. राजू टंडन उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।